

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 305

ग्वालियर, सोमवार 25 जुलाई 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## मेरठ में कांवड़ यात्रा पर थूकने के आरोप पर हंगामा, गुस्साए लोगों ने एसपी सिटी के वाहन में की तोड़फोड़

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश में सावन महीने के चलते कांवड़ियों का बहार है ऐसे में मेरठ जिले के कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में कांवड़ यात्रा पर थूकने के आरोप पर हंगामा हो गया। मालूम हो कि नेशनल हाईवे-58 पर कांवड़ियों का एक जत्था हरिद्वार से राजस्थान की तरफ जा रहा था। आरोप के मुताबिक इस दौरान एक दूसरे संप्रदाय विशेष के दो लोगों ने कांवड़ियों के जत्थे के बीच में जाकर थूक दिया। इसके बाद कांवड़िए आक्रोशित हो गए और जमकर उत्पात मचाया और एसपी सिटी की गाड़ी तोड़ दी। राजस्थान के एक कांवड़िए का आरोप है कि एक विशेष समुदाय के शख्स ने उनके कांवड़ पर थूक कर उसे खंडित कर दिया। आरोप के मुताबिक इस हरकत को दो लोगों ने अंजाम दिया, और दोनों शख्स एक ही समुदाय के थे।



बता दें कि इस मामले में पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और आगे की जांच कर रही है। वहीं घटना के बाद कावड़ियों ने हाइवे को जाम कर दिया था। इसकी वजह से दिल्ली-देहरादून हाइवे पर घंटों तक लोगों जाम लगा रहा। राजस्थान के जिला भरतपुर तहसील गांव सीकरी निवासी कावड़ियों ने मीडिया को बताया कि विशाल कावड़ को हरिद्वार से लाने की तैयारी वो पिछले दो महीने से कर रहे थे। इसके लिए 21 जुलाई की शाम को 40 कांवड़ियों का एक समूह कावड़ के साथ राजस्थान के लिए चला था। लेकिन कंकरखेड़ा नेशनल हाईवे 58 पर कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के पास पहुंचने के दौरान दो युवकों ने रोड डिवाइडर से कूद कर जत्थे के बीच आकर उनकी कावड़ पर तीन-चार जगह थूक दिया। जिससे कांवड़ खंडित हो गई।

इस घटना के बाद कांवड़ियों ने नेशनल हाईवे 58 को तीन घंटे तक जाम लगाकर धरना दिया। जिसके बाद जिलाधिकारी दीपक मीणा और पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और कांवड़ियों को समझाया। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया और कांवड़ियों को शांत किया। इस घटना के बाद से आक्रोशित कांवड़ियों ने एसपी सिटी विनीत भटनागर की गाड़ी के लाठी-डंडों से क्षतिग्रस्त कर दिया। भीड़ ने गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। जिसके बाद मौके पर एसपी ट्रैफिक जितेंद्र श्रीवास्तव कई थानों की पुलिस और पीएसी के जवानों संग निगरानी के लिए मौजूद रहे।

### हरिद्वार में सड़क दुर्घटना मे सात कांवड़ियों की मौत

**हरिद्वार।** कांवड़ मेले में अलग-अलग क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटनाओं में सात कांवड़ियों की दर्दनाक मौत हो गयी। मृतकों में शामिल दो घायलों की मौत हॉयर सेंटर उपचार के दौरान हुई है जबकि कई घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना में पांच कांवड़ियों की मौत कनखल थाना क्षेत्र में हुई है। जबकि दो कांवड़ियों की मौत बहादराबाद क्षेत्र में हुई है। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतकों के परिजनों को भेजते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। कनखल थाना एसएसआई अभिनव शर्मा ने बताया कि बैरागी कैम्प पार्किंग स्थल पर 3-4 कांवड़िये कांवड़ियों के एक ट्रक के पीछे सो रहे थे। बताया जा रहा हैं कि तड़के करीब 3 बजे कांवड़ियों के ट्रक चालक ने लापरवाही दिखाते हुए ट्रक को पीछे करने लगा, इसी दौरान सो रहे दो कांवड़ियों को ट्रक ने रौंद दिया। घटना से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। घटना से घबरा कर चालक ट्रक छोड़ कर फरार हो गया। मृतक कांवड़ियों के साथियों ने घटना को लेकर जमकर हंगामा किया। सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा और गुस्साएं कांवड़ियों को बामुश्किल शांत कराया। पुलिस ने कांवड़ियों के शवों को अपने कब्जे में ले लिया। मृतकों की पहचान योगेश पुत्र राजवीर उम्र 21 वर्ष निवासी रामपुर खरगोधा सोनीपत हरियाणा और दीपांशु पुत्र जयवीर उम्र 22 वर्ष निवासी कुंडल शहदपुर सोनीपत हरियाणा के रूप में हुई है। मृतको के साथियों ने घटना की सूचना मृतकों के परिजनों को भेज दी। सूचना पर मृतकों के परिजन हरिद्वार पहुंच गये। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपूर्द कर दिया। वहीं प्रेमनगर आश्रम चैक हाईवे पर तड़के आटो और बाइक की भिड़त में 4-5 कांवड़िये गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिनको उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां से दो घायलों की हालत गम्भीर देखते हुए उनको हॉयर सेंटर दून और ऋषिकेश एक्स में रेफर कर दिया। जबकि एक घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कर लिया। अन्य घायलों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी।




**कनखल में पांच और बहादराबाद में दो की हुई मौत**

**बैरागी कैम्प में सो रहे दो कांवड़ियों को ट्रक ने रौंदा**

## चीन ने बनाया 'परमाणु रोबोट', ऑस्ट्रेलियाई जलसीमा में घुसकर तबाह कर सकता है उसके युद्धपोत व पनडुब्बियां

**बीजिंग।** चीन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ, हाल के दिनों में, अपनी मोर्चेबंदी तेज कर दी है। चीन ने दावा किया है कि उसने लंबी दूरी तक मार करने वाले टारपीडो की डिजाइन बनाने में सफलता हासिल की है। ये टारपीडो परमाणु ऊर्जा से चलेंगे और बिना किसी के पकड़ में आए एक सप्ताह के अंदर ऑस्ट्रेलिया पर हमला कर सकते हैं।

चीन ने दावा किया कि ये टारपीडो बहुत छोटे परमाणु रिएक्टर से चलेंगे जिससे यह हथियार छोटा रखने में उसे सफलता मिली है। चीनी वैज्ञानिकों के मुताबिक इसमें रोचक बात यह है कि यह परमाणु रिएक्टर इस्तेमाल होने के बाद अपने आप ही नष्?ट हो जाता है। चीन ने इस टारपीडो के लिए बड़ी योजना बनाई है। चीन बहुत कम कीमत वाले किलर रोबोट का बेड़ा तैयार कर रहा है, जिसे किसी सैन्य जहाज या सबमरीन के अंदर ले जाया जा सकेगा और उसे टारपीडो ट्यूब के अंदर रखा जा सकेगा। चीन इस टारपीडो का इस?तेमाल उस समय कर सकता है जब ये पनडुब्बियां अपने देश की जलीय सीमा के अंदर होती हैं। किसी दुश्मन देश की जलीय सीमा में युद्धपोत या फाइटर जेट से हमला करना बहुत कठिन होता है। चीन अब एक सप्ताह के अंदर ही प्रशांत महासागर के अंदर टारपीडो की पूरी फौज से हमला बोल सकता है। बताया जा रहा है कि चीनी वैज्ञानिकों ने अभी इस हथियार के डिजाइन का काम पूरा किया है और अब उसे फाइनल रूप दिया जाएगा। चीनी वैज्ञानिक गुओ जिआन ने कहा कि यह तकनीक बहुत सस्ती और आसानी से इस्तेमाल होने वाली होगी। इससे इस वेपन का बड़े पैमाने पर निर्माण किया जा सकेगा। चीनी वैज्ञानिक ने कहा कि इस परमाणु टॉरपीडो का इस्तेमाल परंपरागत हथियारों जैसे हमलावर परमाणु पनडुब्बी में इस्तेमाल किया जा सकेगा। वहीं दुनिया के अन्य वैज्ञानिकों ने इसकी तुलना रूस के महाशक्तिशाली पोसाइडन सिस्टम से की है। पोसाइडन रूस का एक परमाणु हथियार है, जिसका इस्तेमाल टॉरपीडो और ड्रोन दोनों के रूप में किया जाता है। रूस का दावा है कि उसके पोसाइडन हथियार को वर्तमान परमाणु डिफेंस भी नहीं रोक सकते हैं। रूस का कहना है कि इस हथियार की मदद से किसी तटीय शहर या एयरक्राफ्ट कैरियर को एक वार से तबाह किया जा सकता है। परमाणु वॉरहेड से लैस करके हमला करने पर सुनामी आ सकती है। ऑस्ट्रेलिया ने ब्रिटेन और अमेरिका के साथ मिलकर ऑकस समझौता किया है।



## नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार 25 जुलाई को लेंगी पद की शपथ

**नई दिल्ली।** देश की 15वीं नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार 25 जुलाई को देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद की शपथ ग्रहण करेंगी। इस एतिहासिक क्षण पर उन्हें 21 तोपों की सलामी दी जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि समारोह सोमवार 25 जुलाई को सुबह करीब सवा 10 बजे संसद के केंद्रीय कक्ष में होगा, जहां प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण उन्हें राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाएंगे। गृह मंत्रालय ने कहा कि इसके बाद उन्हें 21 तोपों की सलामी दी जाएगी। इसके बाद राष्ट्रपति का संबोधन होगा। समारोह से पहले, निवर्तमान राष्ट्रपति और निर्वाचित राष्ट्रपति संसद पहुंचेंगे। उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति एम. वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मंत्रिपरिषद के सदस्य, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, राजनयिक मिशनों के प्रमुख, संसद सदस्य और सरकार के प्रमुख असैन्य एवं सैन्य अधिकारी समारोह में शामिल होंगे। संसद के केन्द्रीय कक्ष में समारोह के समापन पर राष्ट्रपति, 'राष्ट्रपति भवन' के लिए रवाना होंगी, जहां उन्हें एक 'इंटर-सर्विस गार्ड ऑफ ऑनर' दिया जाएगा और निवर्तमान राष्ट्रपति का शिष्टाचार सम्मान किया जाएगा। मुर्मू (64) ने गुरुवार को विपक्षी दलों के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को हराकर इतिहास रच दिया। मुर्मू ने निर्वाचक मंडल सहित सांसदों और विधायकों के 64 प्रतिशत से अधिक वैध वोट प्राप्त किए और भारी मतों के अंतर से चुनाव जीता।



## राजनाथ बोले- गुलाम जम्मू-कश्मीर पर पाकिस्तान का अनधिकृत कब्जा, वह भारत का था, है और रहेगा

**जम्मू।** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कारगिल विजय दिवस पर जम्मू कश्मीर पीपुल्स फोरम की ओर से जम्मू आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि गुलाम जम्मू-कश्मीर पर पाकिस्तान का अनधिकृत कब्जा, वह भारत का था, है और रहेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि आज हमारा देश आत्मनिर्भरता के मजबूत संकल्प के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। पहले रक्षा उपकरणों पर हम दूसरे देशों पर निर्भर होते थे। आज हालात बदल गए हैं। मोदी सरकार की आत्मनिर्भरता के संकल्प के बूते आज भारत दुनिया के शीर्ष 25 रक्षा उपकरणों के निर्यातक देशों में शामिल हो गया। 13 हजार करोड़ का निर्यात किया जा रहा है। केंद्र सरकार ने 35 से 40 हजार करोड़ का निर्यात करने का लक्ष्य जल्द ही हासिल करेगा। यह सब मेक इन इंडिया से संभव हो रहा है। आज भारत दुनिया के ताकतवर देशों में शामिल है। कभी भारत की बात को दुनिया हलके में लेती थी, लेकिन आज जब भारत कोई बात कहता है, तो पूरी दुनिया कान खोल कर सुनती है। राजनाथ सिंह ने यह भी दोहराया कि गुलाम जम्मू कश्मीर पर पाकिस्तान का अनधिकृत कब्जा है। वह भारत का था, है और रहेगा। भारत की संसद में पाकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर को मुक्त कराने का एक सर्वसम्मत प्रस्ताव भी पारित है। शिव के स्वरूप बाबा अमरनाथ हमारे पास हैं, पर शक्ति स्वरूपा शारदा जी का धाम अभी एलओसी के उस पार ही है। जनभावनाओं को देखते हुए उन्होंने कहा कि आपकी मुराद आज नहीं तो कल पूरी जरूर होगी। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अलट बिहारी वाजपेयी जी करते थे, दो स्त बदले जा सकते हैं, पड़ोसी नहीं। हम आज पड़ोसी से बेहतर संबंध की कोशिश करते हैं, लेकिन भरगवान पाकिस्तान को सदबुद्धि दें। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आजादी से पूर्व के बलिदानियों से लेकर अब तक के बलिदानियों की गाथा को संक्षेप में याद किया और कहा कि यह दिन बेशक विजय दिवस के रूप में मनाया जा रहा है, लेकिन हम सिर्फ कारगिल के बलिदानियों को याद नहीं कर रहे।



### चित्तूर में भीषण सड़क हादसा, कार डिवाइडर से कार टकराई बेंगलुरु के 3 पुलिसकर्मियों की मौत

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के चित्तूर के पास एक भीषण सड़क हादसे में बेंगलुरु के तीन पुलिसकर्मियों की दर्दनाक मौत हो गई और चार घायल हो गए। ये सभी पुलिसकर्मी आंध्र प्रदेश में एक ड्रग तस्कर की तलाश में गए थे। कर्नाटक के गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने इस घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि ये पुलिसकर्मी बेंगलुरू के शिवाजीनगर पुलिस स्टेशन में तैनात थे। एक खबर के मुताबिक कर्नाटक के गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र के करीबी सूत्रों ने बताया कि चित्तूर में ये सभी पुलिसकर्मी एक ड्रग तस्कर की तलाश में जा रहे थे, तभी उनकी कार सड़क के डिवाइडर से जा टकराई। इसके कारण 3 पुलिसवालों की मौत हो गई और 4 गंभीर रूप से घायल हो गए।

## स्मृति की बेटी के बचाव में आईं प्रियंका चतुर्वेदी, कहा 18 साल की बच्ची को बदनाम न करें

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की बेटी पर गोवा में अवैध बार चलाने के आरोपों के बाद शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी भी स्मृति ईरानी की बेटी के पक्ष में सामने आई हैं। उन्होंने स्मृति की बेटी जोइश ईरानी का बचाव करते हुए कहा कि 18 वर्षीय कालेज छात्रा को एक खलनायिका की तरह नहीं पेश किया जाना चाहिए। प्रियंका चतुर्वेदी ने ट्वीट कर कहा कि 18 साल के बच्चों को तो यह भी नहीं पता होता कि भारत में एक रेस्टोरेंट चलाने के लिए लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया क्या है और इसमें किस तरह की सजा हो सकती है। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि एक युवा लड़की ने अपने सपनों को पूरा करने के लिए ऐसा किया हो, हो सकता है कि उससे कुछ गलती हो गई हो। लेकिन 18 साल की लड़की को तरह बदनाम नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं एक 19 साल के बच्चे की मां के रूप में यह सब बात कर रही हूं। मैं अपनी राजनीति को इससे अलग रखती हूं। बता दें कि शिवसेना सांसद का यह ट्वीट तब सामने आया, जब स्मृति ईरानी ने सभी आरोपों का खंडन किया है।



## 75 देशों में पहुंचा मंकीपॉक्स, 16,836 मामले सामने आए, डब्ल्यूएचओ ने घोषित की हेल्थ इमरजेंसी

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में तेजी से फैल रहे मंकीपाक्स को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल की घोषणा की है। डब्ल्यूएचओ महानिदेशक डॉ टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने कहा कि मंकीपाक्स का संक्रमण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता में डालने वाला है। डॉ। टेड्रोस ने कहा फिलहाल मंकीपॉक्स का संक्रमण उन पुरुषों पर केंद्रित है, जो पुरुषों के साथ संबंध रखते हैं, खासकर उन लोगों के साथ जिनके कई यौन साथी हैं।

डब्ल्यूएचओ चीफ के मुताबिक, यह एक ऐसा प्रकोप है जिसे सही रणनीतियों के साथ रोका भी जा सकता है। इस दौरान उन्होंने कहा कलंक और भेदभाव किसी भी वायरस जितना ही खतरनाक हो सकता है। इसलिए मैं सामाजिक संगठनों से अपील कर रहा हूं, जिन्हें एचआईवी से पीड़ित लोगों के साथ काम करने का अनुभव है, वे इस मंकीपॉक्स के प्रकोप से जुड़े कलंक और भेदभाव से लड़ने के लिए हमारे साथ काम करें। वहीं, डब्ल्यूएचओ की साउथ-ईस्ट एशिया की रीजनल डायरेक्टर ने कहा है कि मंकीपाक्स के मामले पुरुषों के साथ संबंध बनाने पुरुषों तक केंद्रित हैं। क्षेत्रीय निदेशक डॉ। पूनम खेत्रपाल सिंह ने कहा कि मंकीपॉक्स तेजी से उन देशों में फैल रहा है, जहां इससे पहले कोई भी केस नहीं मिला था। बीमारी के ज्यादातर मामले पुरुषों के साथ संबंध रखने वाले पुरुषों पर केंद्रित हैं। हमारे उपाय संवेदनशील, कलंक या भेदभाव से रहित होने चाहिए। डब्ल्यूएचओ ने दक्षिण-पूर्वी एशिया क्षेत्र के देशों से मंकीपॉक्स के लिए निगरानी और सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों को मजबूत करने का आह्वान किया है। डॉ खेत्रपाल सिंह ने कहा वैश्विक स्तर पर मंकीपॉक्स का जोखिम है और इसके इंटरनेशनल प्रसार की संभावना है। इसके अलावा वायरस के बारे में अभी भी कई चीजें हमें पता नहीं हैं। हमें सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि 75 देशों में मंकीपॉक्स के 16000 से अधिक मामले सामने आए हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में मंकीपॉक्स के 5 मामले सामने आए हैं, जिनमें से 4 भारत से और एक थाईलैंड से है। भारत में मामले उन नागरिकों में हैं जो मध्य पूर्व से लौटकर आए हैं। हालांकि इनमें से एक मरीज की कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है।



## खास खबर

### भारी बारिश और बाढ़ से पाकिस्तान में कोहराम, 304 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** भारी बारिश और बाढ़ से इन दिनों पाकिस्तान में कोहराम मचा है। पांच हफ्ते से अधिक समय में मानसूनी बारिश एवं आकस्मिक बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 304 तक पहुंच गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मध्य जून से ही बाढ़ के कारण नदियां उफान पर हैं और कई राजमार्ग एवं पुल क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। इसके साथ ही करीब 9000 मकान या तो पूरी तरह नष्ट हो गए हैं या आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। अधिकारियों ने कहा कि सबसे अधिक प्रभावित बलूचिस्तान प्रांत में वर्षा एवं बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में 99 लोगों की जान चली गयी। सिंध प्रांत में 70 लोगों की ऐसी घटनाओं में मौत हुई है। उन्होंने बताया कि अफगानिस्तान सीमा से सटे खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में भी 61 लोगों की मौत हो गयी जबकि पूर्वी पंजाब प्रांत में 60 लोगों की जान चली गयी।

### स्पेन में पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम पूरी तरह फ्री

**स्पेन।** स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने ट्रेनों में यात्रियों को मुफ्त सफर करने का तोहफा दिया है। नेशनल रेल ऑपरेटर रेनफे की 300 किलोमीटर से कम की यात्रा को 1 सितंबर से 31 दिसंबर तक के लिए निशुल्क यात्रा करने की छूट सभी यात्रियों को होगी। इसमें लंबी दूरी की यात्रा और सिंगल जर्नी की टिकट वालों को यह सुविधा प्राप्त नहीं होगी। स्पेन के परिवहन मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार फ्यूल और एनर्जी को बचाने तथा कीमतों को बढ़ने से रोकने के लिए, पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम को बढ़ावा दिया जा रहा है। पिछले महीने जर्मनी ने भी 10 डॉलर में मंथली अनलिमिटेड ट्रैवल टिकट जारी करने का निर्णय लिया है। स्पेन सरकार महंगाई से राहत दिलाने के लिए तथा एनर्जी खर्च को कम करने के लिए सार्वजनिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम को निशुल्क या बहुत कम दरों पर अपने नागरिकों को उपलब्ध करा रही हैं।

### ईरान के दक्षिणी प्रांत में महसूस किए गए भूकंप के झटके

**तेहरान।** ईरान के दक्षिणी प्रांत होरमोज्गान में भूकंप के मध्यम स्तर के दो झटके महसूस किए गए हैं। देश के सरकारी टीवी चैनल ने यह जानकारी दी। भूकंप से जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। तेज झटकों से घबराकर लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। स्थानीय लोगों ने बताया कि पहला झटका रात आठ बजे के बाद लगा और उसकी तीव्रता 5.7 थी। भूकंप का केंद्र धरती के नीचे 10 किलोमीटर की गहराई में बताया गया है। भूकंप का दूसरा झटका इसके दो मिनट बाद आया, जिसकी तीव्रता 5.8 थी और इसका केंद्र धरती के नीचे नौ किलोमीटर की गहराई में था।

### छपरा में अवैध पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट तीन मंजिला इमारत ढही, 6 लोगों की मौत

**छपरा।** बिहार के छपरा में एक पटाखा फैक्ट्री में व विस्फोट की वजह से 6 लोगों की मौत हो गई है। ब्लास्ट होने पर पूरा घर भरभराकर गिर गया। कई लोगों के मलबे में अभी भी दबे होने की आशंका है। राहत और बचाव कार्य किया जा रहा है। कई लोगों को मलबे से रेस्क्यू किया गया है, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक मरने वालों की संख्या में और वृद्धि हो सकती हैं। सारण के एसपी संतोष कुमार ने बताया कि छपरा में विस्फोट में एक घर ढहने से छह लोगों की मौत हो गई है। मलबे में दबे लोगों को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। फॉरेंसिक टीम और बम निरोधक दस्ते को भी बुलाया गया है। बताया जा रहा है कि यहां अवैध रूप से पटाखा बनाने का काम होता था। एसपी ने बताया कि यह तीन भाइयों का मकान था। आगे की ओर साइकिल और रेडीमेड की दुकान चलती थी, पीछे पटाखा बनाया जाता था। रविवार को अचानक पटाखे में आग लग गई और बड़ा विस्फोट हुआ है। इस विस्फोट में तीन मंजिला मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने सोशल मीडिया पर कई वीडियो डाले हैं।

### कुलदीप बिश्नोई ने नड्डा और खट्टर से की मुलाकात, तेज हुई भाजपा में जाने की अटकलें

**चंडीगढ़।** हरियाणा से निष्कासित कांग्रेस विधायक कुलदीप बिश्नोई ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और हरियाणा के सीएम मनोहरलाल खट्टर से मुलाकात की है। इसके के बाद उनके भाजपा में शामिल होने की अकटलें लगाई जाने लगी हैं। इससे पहले जब कांग्रेस विधायक कुलदीप बिश्नोई को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा से सवाल पूछ गया था, तो उन्होंने कहा था कि बगावत के बाद भी पार्टी बिश्नोई को बाहर नहीं निकालेगी। हुड्डा ने कहा कि कुलदीप विश्नोई को खुद ही नैतिकता के आधार पर विधानसभा से इस्तीफा दे देना चाहिए। हुड्डा ने कहा था मैं उन्हें निष्कासित करने वाला नहीं हूं। नैतिक तौर पर उन्हें विधानसभा से इस्तीफा दे देना चाहिए। आपको बता दें कि बिश्नोई ने हाल ही में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की थी।

# नामीबिया में सिंतबर में आमने-सामनें होगी भारत और एक पाकिस्तान की टीम

**कोलकाता** । सिंतबर में नामीबिया की धरती पर एक भारतीय टीम और एक पाकिस्तान की टीम आमने-सामने होगी। जिस समय संभवतः यूएई में एशिया कप खेला जाएगा, तब नामीबिया चार टीमों वाली ग्लोबल टी20 नामीबिया सीरीज का आयोजन करेगा। सीरीज में मेजबान टीम के अलावा भारत से बंगाल की टीम, पाकिस्तान से लाहौर कलंदर्स और दक्षिण अफ्रीका से एक घरेलू टीम का समावेश होगा। बंगाल ने अपनी भागीदारी की पुष्टि कर दी है और कलंदर्स सैद्धांतिक रूप से सहमत हो गए हैं। एक दक्षिण अफ्रीकी टीम का नाम जल्द ही घोषित किए जाने की संभावना है।

अंतिम निर्णय से पहले कुछ लॉजिस्टिक समस्याओं को दूर किया जा रहा है। बंगाल ने टूर्नामेंट के लिए 16 सदस्यीय टीम का चयन किया। अभिमन्यु ईश्वरन टीम की कमान सौंपी गई हैं और शाहबाज अहमद, इशान पोरेल, मुकेश कुमार, आकाश दीप, ऋतिक चटर्जी जैसे कई नियमित खिलाडि?ों के अलावा कुछ नए चेहरों को शामिल किया गया है। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के संयुक्त सचिव देवव्रत दास ने कहा कि 2022 टी20 विश्व कप में हिस्सा लेने वाली टीम के खिलाफ खेलने का अवसर बंगाल के खिलाड़ियों के लिए अमूल्य होगा। दास ने कहा कि टूर्नामेंट के ब्रॉडकास्टर हमारे अध्यक्ष (अभिषेक डालमिया) के पास आए और उन्होंने हमें आमंत्रित किया। हमने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी से पहले छह-सात मैच खेलने का मौका स्वीकार किया, क्योंकि हमें एक विश्व कप टीम के खिलाफ खेलने का मौका मिल रहा है। जिस टीम को हम विदेश भेज रहे हैं, यह एक नई टीम है। हम देखना चाहते हैं कि वह कैसे खेलती है और इस टूर्नामेंट से कैसे निपटती है।

नामीबिया के लिए अक्तूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों को परखने का बढि?ा मौका होगा। संयुक्त अरब अमीरात में हुए 2021 टी-20 विश्व कप में, नामीबिया प्रारंभिक दौर से सुपर 12 चरण में जगह बनाने के बाद ग्रुप 2 में पांचवें स्थान पर रहा था। नामीबिया इस टी20 टूर्नामेंट के बाद पापुआ न्यू गिनी में वनडे त्रिकोणीय सीरीज खेलेगा और ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होगा, जहां उन्हें पहले दौर में श्रीलंका, नीदरलैंड्स और यूएई के साथ एक ग्रुप में रखा गया है। हाल के वर्षों में भारत और पाकिस्तान की घरेलू टीमों के बीच बहुत कम प्रतिनिधि क्रिकेट खेला गया है।

## न्यूज़ ट्रैक....

### डब्लयूडब्ल्यूई सुपर स्टार कार्मेला ने बिकनी पहन समुद्र में की अठखेलियां, फैली सनसनी

**न्यूयार्क** । डब्लयूडब्ल्यूई की महिला पहलवान खिलाड़ी कार्मेला ने अब रिंग के बजाय समुद्र तट पर अपनी सुगठित देहयष्टि का प्रदर्शन किया और अठखेलियां करते की आश्चर्यजनक बिकनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कर सनसनी मचा दी। डब्लयूडब्ल्यूई की स्वघोषित मोस्ट ब्यूटीफुल वुमन अपने निजी ट्विटर और इंस्टाग्राम पेजों पर तस्वीरें साझा करती रहती हैं। कार्मेला की बोल्डनेस के कायल फैंस इसे लाइक करने से कभी पीछे नहीं हटते।
अमेरिकी पहलवान ने इस बार समुद्र तट पर लाल बिकनी में अपनी तस्वीरें पोस्ट की हैं। 34 वर्षीय कार्मेला अभी क्वीन जेलिना के साथ डब्लयूडब्लयूई महिला टैग टीम चैम्पियन के रूप में मंडे नाइट रॉ में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। कार्मेलाा अपने पति कोरी ग्रेव्स के साथ रेड ब्रांड पर भी काम करती है। कार्मेला 2016 में डब्लयूडब्लयूई के मुख्य रोस्टर में शामिल हुई थी। एक साल बाद ही उन्होंने पहली बार आयोजित महिला मनी बैक कंपीटिशन जीता था। कार्मेला 2018 में शार्लेट फ्लेयर को पछाड़कर स्मैकडाउन विमेंस चैम्पियन बनी थीं। वह 131 दिनों तक बेल्ट के साथ रही जब तक कि उन्हें समरस्लैम में शार्लेट ने हरा नहीं दिया।

### अजिंक्य रहाणे के घर अक्टूबर में गूंजेगी किलकारी

**मुंबई** । भारत के स्टार क्रिकेटर और कई जीत में अहम योगदान देने वाले अजिंक्य रहाणे के घर फिर किलकारी गूंजेगी। रहाणे ने इंस्टाग्राम पर अपनी पत्नी राधिका के साथ खूबसूरत तस्वीर शेयर की। राधिका प्रेग्नेंट हैं और दूसरे बच्चे को जन्म देंगी। रहाणे ने अपनी पत्नी राधिका धोपावकर संग एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की। उन्होंने लिखा, अक्टूबर-2022% और दिल वाली इमोजी लगाई। इससे माना जा रहा है कि उनके घर दूसरा बच्चा आगामी अक्टूबर में आने वाला है। अजिंक?य और उनकी पत?नी राधिका धोपावकर के घर में 5 अक?टूबर, 2019 को बेटी हुई थी। रहाणे फैमिली ने बिटिया का नाम आर्या रखा है। रहाणे जब भी क्रिकेट मैदान से दूर रहते हैं, तब अपनी फैमिली को ही पूरा वक्त देते हैं। उनके सोशल मीडिया पर ढेरों तस्वीरें ऐसी हैं जिनमें वह पत्नी राधिका और बेटी आर्या के साथ मस्ती करते दिख रहे हैं। 34 वर्षीय अजिंक्य रहाणे जनवरी में दक्षिण अफीका के खिलाफ केपटाउन में टेस्ट मैच खेले थे। उसके बाद से वह टीम इंडिया से बाहर चल रहे है।

### चोटिल रविंद्र जडेजा वेस्टइंडीज के खिलाफ दो वन-डे मैचों से बाहर

पोर्ट ऑफ स्पेन । भारतीय ऑलराउंडर क्रिकेटर रविंद्र जडेजा घुटने की चोट के चलते वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले दो एकदिवसीय मैचों से बाहर हो गए। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने यहां 3 मैचों की श्रृंखला के शुरुआती वनडे से पहले उनकी फिटनेस की जानकारी दी। बीसीसीआई से जारी बयान के मुताबिक- रविंद्र जडेजा के दाहिने घुटने में चोट लगी है और वह वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले दो वनडे से बाहर हो गए हैं। उन्होंने बताया कि बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर नजर रखे हुए है और तीसरे एकदिवसीय में उनके भाग लेने पर फैसला उसी के अनुसार लिया जाएगा। वेस्टइंडीज टीम में वापसी करने वाले दिग्गज हरफनमौला जेसन होल्डर भी कोविड-19 से संक्रमित होने के कारण इस मैच में चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे।

# टीम इंडिया के इन दिग्गजों ने वनडे में जड़े सर्वाधिक सिक्सर

**नई दिल्ली** । टीम इंडिया एक बार फिर एक दिवसीय क्रिकेट में अपना शानदार प्रदर्शन करने को तैयार है। इस बार टीम का सामना वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के साथ होगा। भारतीय टीम कैरेबियन टीम के साथ 2-2 हाथ करने के लिए वेस्टइंडीज पहुंच भी चुकी है जहां दोनों के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज होनी है। वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज शुरू होने से पहले बात करें भारतीय टीम के लिए इस फॉर्मेट में किन खिलाड़ियों ने सर्वाधिक सिक्स लगाए हैं, तो इस लिस्ट में पहला नाम %हिटमैन% रोहित शर्मा का आता है। शर्मा ने वनडे में देश के लिए 233 मैच खेलते हुए 226 पारियों में 250 छक्के लगाए हैं।



भारतीय टीम के लिए वनडे में सर्वाधिक सिक्स लगाने के मामले में दूसरा नाम पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का आता है। धोनी ने देश के लिए 350 वनडे मुकाबले खेलते हुए 297 पारियों में 229 छक्के लगाए हैं। तीसरे स्थान पर देश के महान पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का नाम आता है। तेंदुलकर ने भारतीय टीम के लिए वनडे में 1989 से 2012 के बीच 463 मुकाबले खेले। इस दौरान उनके बल्ले से 452 पारियों में 195 छक्के निकले। इन दिग्गजों के बाद चौथे स्थान पर मौजूदा बीसीसीआई अध्यक्ष एवं पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का नाम आता है। गांगुली ने देश के लिए 311 वनडे मुकाबले खेलते हुए 300 पारियों में 190 छक्के लगाए हैं। पांचवें स्थान पर पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर खिला?ी युवराज सिंह का नाम आता है। युवराज ने देश के लिए वनडे में 304 मुकाबले खेलते हुए 278 पारियों में 155 छक्के लगाए हैं। छठवें स्थान पर पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का नाम आता है। सहवाग ने टीम इंडिया के लिए वनडे प्रारूप में 251 मुकाबले खेलते हुए 245 पारियों में 136 छक्के लगाए हैं। सातवें स्थान पर पूर्व कप्तान एवं मौजूदा समय में बल्लेबाजी के आधारस्तंभ विराट कोहली का नाम आता है। कोहली ने वनडे में देश के लिए 262 मुकाबले खेलते हुए 253 पारियों में 125 छक्के लगाए हैं। आठवें नंबर पर पूर्व स्टार ऑलराउंडर खिला?ी सुरेश रैना स्थित हैं। रैना ने देश के लिए 226 मुकाबले खेलते हुए 194 पारियों में 120 छक्के लगाए हैं। नौवें स्थान पर 51 वर्षीय पूर्व खिला?ी अजय जडेजा का नाम आता है। जडेजा ने देश के लिए वनडे में 1992 से 2000 के बीच 196 मुकाबले खेलते हुए 179 पारियों में 85 छक्के लगाए हैं। 10वें स्थान पर पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन स्थित हैं। अजहरुद्दीन ने भारत के लिए 1985 से 2000 के बीच 334 वनडे मुकाबले खेलते हुए 308 पारियों में 77प्लस छक्के लगाए हैं।



यूजीन में विश्व एथलेटिक्स मुकाबले की रिले रेस में जीत के बाद उत्साहित अमेरिकी धाविका एबी स्टीनर, जेना प्रेडिनी, टेरी व मेलीसा।

# सुनील गावस्कर के नाम पर किया जाएगा इंग्लैंड के लीस्टर क्रिकेट ग्राउन्ड का नामकरण

**नई दिल्ली** । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान 73 वर्षीय सुनील गावस्कर विश्व क्रिकेट का जाना पहचाना नाम हैं। इनके नाम टेस्ट क्रिकेट में सबसे पहले 10 हजार रन बनाने का रिकॉर्ड दर्ज है। इसके अलावा भी उनके नाम कई ऐसे रिकॉर्ड दर्ज हैं, जिनकी वजह से उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। इंटरनेशनल क्रिकेट में भारतीय दिग्गज के इसी कद को देखते हुए इंग्लैंड में उन्हें एक खास सम्मान दिया जाने वाला है। 23 जुलाई शुक्रवार को लीस्टर क्रिकेट ग्राउन्ड का नामकरण उनके नाम पर किया जाने वाला है। इंग्लैंड के इतिहास में यह पहली बार है, जब किसी स्टेडियम का नाम भारतीय क्रिकेटर के नाम पर रखा जा रहा है। लीस्टर क्रिकेट का नाम गावस्कर के नाम पर रखने की मुहिम भारतीय मूल के सांसद रहे कीथ वाज ने शुरू की थी। वाज ने लंबे समय तक सांसद के रूप में लीस्टर का प्रतिनिधित्व किया है। वाज ने ही पहले पहल लीस्टर क्रिकेट के नाम को बदलकर सुनील गावस्कर करने की मुहिम शुरू की थी। वहीं इंग्लैंड में मिल रहे इस खास सम्मान से गावस्कर भी प्रसन्न हैं। उनका कहना है मैं बहुत खुश हूं और खुद को सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि लीस्टर में मेरे नाम से एक स्टेडियम का नाम रखा जा रहा है। लीस्टर खेल को पसंद करने वाले लोगों का शहर है। सुनील गावस्कर ने कहा यह मेरे लिए बेहद महत्वपूर्ण और बड़ा सम्मान है। उल्लेखनीय है कि यह कोई पहला वाकया नहीं है, जब गावस्कर के नाम पर किसी देश में स्टेडियम का नाम रखा जा रहा है। इससे पहले भी अमेरिका के कैंटकी और तंजानिया के जांसीबार में उनके नाम पर स्टेडियम का नाम रखा जा चुका है। क्रिकेट जगत में 'लिटिल मास्टर' के रूप में मशहूर सुनील गावस्कर ने 7 मार्च 1987 में टेस्ट क्रिकेट में 10 हजार रन बनाने का कीर्तिमान हासिल किया था। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर हैं। हालांकि, उनके बाद सचिन तेंदुलकर, रिकी पोंटिंग, जैक कॉलिस और ब्रायन लारा सहित कई बल्लेबाजों ने रनों के इस शिखर को छुआ। मगर इस रिकॉर्ड की जब भी बात होती है, गावस्कर का नाम जरूर लिया जाता है। कोई भी बल्लेबाज टेस्ट इतिहास में जब जब यह उपलब्धि हासिल करेगा, तो यह जरूर बताया जाएगा कि भारत के सुनील गावस्कर ने सबसे पहले अपने बल्ले से इस आंकड़े को छुआ था।

## व्यापारन्यूज

### भारत में अफीम की प्रोसेसिंग के क्षेत्र में अब निजी क्षेत्र ने किया प्रवेश

**नई दिल्ली** । भारत में अफीम की प्रोसेसिंग के क्षेत्र में अब निजी क्षेत्र का प्रवेश हो चुका है। कुछ दिन पहले ही केंद्र सरकार ने बजाज हेल्थकेयर को अफीम की प्रोसेसिंग का काम सौंपा है। बजाज हेल्थकेयर अफीम प्रोसेसिंग कर अल्कलॉयड निकालेगी जिसका उपयोग कफ सिरप, पेनकिलर के साथ कैंसर की दवाएं बनाने में होगा। आय और मुनाफे के लिहाज से अफीम प्रोसेसिंग के क्षेत्र में बहुत संभावनाएं हैं। इस क्षेत्र के प्राइवेट कंपनियों के लिए खुल जाने से बहुत बड़े बदलाव की उम्मीद की जा रही है। अफीम प्रसंस्करण के क्षेत्र में प्राइवेट कंपनियों के आने से फार्मास्यूटिकल कंपनियों को बहुत फायदा होगा। भारत में अब तक अफीम प्रसंस्करण के नियम बहुत सख्त रहे हैं। यह काम काफी केंद्रीयकृत है और मौजूदा समय में उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश में स्थित दो सरकारी कारखानों में अफीम को प्रोसेस्ड कर हर साल करीब 700 टन अल्कलॉयड निकाला जाता है। देश में अल्कलॉयड, खासकर कोडीन फॉस्फेट की बहुत मांग है और सरकारी फैक्टरियां इस मांग को पूरा नहीं कर पाती। इसी लिए इसे आयात करना पता है। एक रिपोर्ट के अनुसार सरकार ने बजाज हेल्थकेयर को अफीम में पाए जाने वाले अल्कलॉयड और एक्टिव फार्मास्युटिकल्स इंग्रेडिएंट्स की सप्लाई का टेंडर दिया है। बजाज अफीम को प्रोसेस कर इनसे मॉर्फिन और कोडीन जैसे अल्कलॉयड निकालेगी और उसे सरकार को देगी।

# सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.98 लाख करोड़ बढ़ा

## सबसे अधिक लाभ में रिलायंस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज रहीं

**नई दिल्ली** । सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से नौ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 2.98 लाख करोड़ रुपए का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रहीं। सिर्फ जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। कुल मिलाकर शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में 2,98,523.01 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 68,564.65 करोड़ रुपए बढ़कर 16,93,245.73 करोड़ रुपए, टीसीएस के बाजार मूल्यांकन 64,929.87 करोड़ रुपए बढ़कर 11,60,285.19 करोड़ रुपए, आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 34,028.7 करोड़ रुपए बढ़कर 5,56,526.81 करोड़ रुपए, इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन 31,893.77 करोड़ रुपए बढ़कर 6,33,793.91 करोड़ रुपए, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 30,968.4 करोड़ रुपए बढ़कर 4,58,457.30 करोड़ रुपए, बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 20,636.69 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 3,78,774.69 करोड़ रुपए, हिंदुस्तान यूनिलीवर का 16,811.32 करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ 6,20,362.58 करोड़ रुपए, एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 16,110.37 करोड़ रुपए बढ़कर 7,73,770.09 करोड़ रुपए और एचडीएफसी का 14,579.24 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 4,16,701.23 करोड़ रुपए रहा। वहीं दूसरी ओर एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 12,396.99 करोड़ रुपए घटकर 4,35,760.72 करोड़ रुपए रह गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, एलआईसी, एचडीएफसी और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा।

# अमेरिकी परमाणु बम को इस्तेमाल के लिए भेजे जाने वाले संदेशों को प्रभावित कर सकते हैं हुआवेई के संचार उपकरण

**वॉशिंगटन** । अमेरिका की खुफिया एजेंसी एफबीआई ने चेतावनी दी है कि चीन में बने हुआवेई के संचार उपकरण अमेरिका के परमाणु बम के इस्तेमाल के लिए भेजे जाने वाले संदेश को प्रभावित कर सकते हैं। एफबीआई को पूरा भरोसा है कि ये जासूसी उपकरण रक्षा मंत्रालय के अत्यंत प्रतिबंधित गोपनीय संदेशों को पकड़ सकते हैं और उन्हें प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने कहा इसमें परमाणु बम की देखरेख करने वाले अमेरिका के सामरिक कमांड के संदेश भी शामिल हैं। इस खुलासे से दुनियाभर की टेंशन बढ़ गई है। अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने चेतावनी दी कि अमेरिकी सैन्य प्रतिष्ठानों के करीब हुआवेई के उपकरणों को सभी जानते हैं और यह व्यापक चिंता का विषय है। एफबीआई का कहना है कि पिछले एक दशक में अमेरिकी धरती पर चीनी जासूसी के मामलों में नाटकीय ढंग से वृद्धि हुई है। कम से कम 2017 के बाद से संघीय अधिकारियों ने महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के पास चीनी भूमि खरीद की जांच की है, एक हाई-प्रोफाइल क्षेत्रीय वाणिज्य दूतावास को बंद कर दिया है, जिसे अमेरिकी सरकार ने चीनी जासूसों और पत्थर की दीवारों का केंद्र माना है, जिसे उन्होंने सुनने वाले उपकरणों को लगाने के स्पष्ट प्रयासों के रूप में देखा था। एफबीआई ने जिन चौंकाने वाली चीजों का खुलासा किया है, उनमें ग्रामीण मिडवेस्ट में अमेरिकी सैन्य ठिकानों के पास सेल टावरों के ऊपर चीन निर्मित हुआवेई के उपकरण शामिल हैं। एफबीआई ने निर्धारित किया कि उपकरण अत्यधिक प्रतिबंधित रक्षा विभाग के संचार को पकने और बाधित करने में सक्षम थे, जिसमें यूएस स्ट्रेटेजिक कमांड द्वारा उपयोग किए जाने वाले लोग भी शामिल थे, जो देश के परमाणु हथियारों की देखरेख करते हैं। जबकि अमेरिकी सैन्य प्रतिष्ठानों के पास हुआवेई उपकरणों के बारे में व्यापक चिंताएं सर्वविदित हैं, इस जांच के अस्तित्व और इसके निष्कर्षों की कभी रिपोर्ट नहीं की गई है।

# केंद्र सहकारी समिति अधिनियम में संशोधन के मसौदे पर पुनर्विचार करेः एनसीयूआई

**नयी दिल्ली** । भारतीय राष्ट्रीय सहकारिता संघ (एनसीयूआई) ने मांग की है कि केंद्र को बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम 2002 में प्रस्तावित संशोधनों पर फिर से विचार करना चाहिए क्योंकि इसके कुछ प्रावधान लोकतांत्रिक और सहकारी समितियों के स्वायत्त सिद्धांतों के खिलाफ हैं। सहकारिता मंत्रालय ने इस अधिनियम में संशोधन का प्रस्ताव रखा है ताकि इसे 97वें संवैधानिक संशोधन के अनुरूप बनाया जा सके और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में बहु-राज्य सहकारी समितियों के योगदान को बढ़ाने के उद्देश्य से सुधार किए जा सकें। मंत्रालय ने बहु-राज्य सहकारी समितियों में चुनाव, शासन, भर्ती, पारदर्शिता और दक्षता से संबंधित मसौदा संशोधनों पर विभिन्न अंशधारकों से राय मांगी हैं।इस मसौदे पर अपने सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा के बाद एनसीयूआई ने मंत्रालय को दिए गए सुझाव में कहा है कि सरकार को संशोधन के मसौदे के कुछ प्रतिबंधात्मक प्रावधानों पर फिर से विचार करना चाहिए ताकि सहकारी समितियों के लोकतांत्रिक विकास में बाधा न आए। इसके मुताबिक, विभिन्न सहकारी संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों ने मसौदा संशोधनों के कुछ प्रावधानों को सहकारी सिद्धांतों के साथ तालमेल नहीं बैठने वाला पाया है। इसमें कहा गया है कि मसौदा संशोधन सहकारी समितियों के लोकतांत्रिक और स्वायत्त सिद्धांतों के अनुरूप नहीं है।

# यस बैंक का शुद्ध लाभ बढ़कर 311 करोड़ हुआ

**नई दिल्ली** । आय बढ़ने और कर्जों में कमी आने की वजह से पिछले कुछ दिनों से संकट में फंसे निजी क्षेत्र के यस बैंक का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 50 प्रतिशत बढ़कर 311 करोड़ रुपए हो गया है। बैंक ने शनिवार को शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा कि एक साल पहले की समान तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 207 करोड़ रुपए रहा था। अप्रैल-जून 2022 की तिमाही में बैंक की कुल आय बढ़कर 5,916 करोड़ रुपये हो गई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 5,394 करोड़ रुपए रही थी। बैंक ने बताया कि लाभ में बढ़ोतरी की बड़ी वजह फंसे कर्जों के अनुपात में आई गिरावट रही है। उसके सकल ऋण में गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) का अनुपात घटकर 13.45 प्रतिशत पर आ गया जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह अनुपात 15.60 प्रतिशत था। वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में शुद्ध एनपीए यानी फंसे कर्जों का अनुपात भी 5.78 प्रतिशत से घटकर 4.17 प्रतिशत पर आ गया। फंसे कर्जों एवं अन्य आकस्मिक खर्चों के लिए वित्तीय प्रावधान की जरूरत भी आलोच्य तिमाही में घटकर 175 करोड़ रुपये रह गई जो अप्रैल-जून 2021 की तिमाही में 457 करोड़ रुपये रही थी। यस बैंक ने कहा कि उसके वैकल्पिक बोर्ड के गठन के साथ पुनर्गठन योजना भी गत 15 जुलाई से अमल में आ गई है। बैंक के मुताबिक, नए बोर्ड ने प्रशांत कुमार को नए प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के तौर पर तीन साल के लिए नियुक्त करने की अनुशंसा की है। इसके अलावा बैंक ने करीब 48,000 करोड़ रुपये की तनावग्रस्त परिसंपत्तियों की बिक्री के मकसद से जेसी फ्लॉवर्स के साथ मिलकर एक परिसंपत्ति पुनर्गठन कंपनी बनाने के लिए बाध्यकारी समझौता किए जाने की जानकारी भी शेयर बाजारों को दी है।

# सरकार धीरे-धीरे खत्म कर रही है रसोई गैस पर सब्सिडी

## सरकार ने एलपीजी सब्सिडी के रूप में एक साल में बचाए 11,654 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली** । सरकार से संसद में यह जानकारी दी कि रसोई गैस सिलेंडर पर मिलने वाली सब्सिडी को सरकार धीरे-धीरे खत्म कर रही है। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्यमंत्री रामेश्वर तेली ने लोकसभा को बताया कि अब इन उत्पादों की कीमतें सीधे वैश्विक बाजार से जुड़ गई हैं। केंद्रीय मंत्री की ओर से लोकसभा में पेश आंकड़ों के अनुसार वित्तवर्ष 2020-21 में जहां सरकार ने एलपीजी सब्सिडी के रूप में 11,896 करोड़ रुपये खर्च किए थे, वहीं 2021-22 में यह खर्च घटकर महज 242 करोड़ रुपये रह गया है। इस तरह सब्सिडी को खत्म कर सरकार ने सिर्फ एक वित्तवर्ष में ही 11,654 करोड़ रुपये बचा लिए। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार वित्तवर्ष 2018 में एलपीजी सब्सिडी पर 23,464 करोड़ रुपये खर्च हुए थे, जो वित्तवर्ष 2019 में 37,209 करोड़ रुपये पहुंच गया है।



इसके बाद सरकार ने लोगों से सब्सिडी छोड़ने की अपील की और करोड़ों ग्राहकों ने इस अपील पर सब्सिडी छोड़ दी, जिससे वित्तवर्ष 2020 में सरकार का खर्च घटकर 24,172 करोड़ पर आ गया। 2021 में इसमें करीब 50 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई और सब्सिडी का खर्च घटकर 11,896 करोड़ रुपये रह गया। पिछले वित्तवर्ष में इस पर सरकार ने बेहद मामूली राशि खर्च की। पेट्रोलियम मंत्री ने संसद को बताया कि देश में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों को वैश्विक बाजार से जोड़ दिया गया है। बावजूद इसके सरकार उपभोक्ताओं पर बोझ घटाने के लिए लगातार कीमतों को कम रखने पर जोर दे रही है। बीते साल सब्सिडी में गिरावट की बड़ी वजह लाभार्थियों की संख्या में कमी आना और गैस सिलेंडर की खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी रही है।सरकार ने जून, 2020 में कहा था कि गैस सिलेंडर पर सब्सिडी अब सिर्फ प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को ही दी जाएगी। इसके बाद से सब्सिडी पाने वालों की संख्या में 9.3 करोड़ की कमी आई है। इस दौरान रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में भी बेतहाशा वृद्धि हुई है। इस महीने की शुरुआत में ही कंपनियों ने सिलेंडर पर 50 रुपये बढ़ा दिए थे, जिसके बाद दिल्ली में रसोई गैस का दाम 1,053 रुपये पहुंच गया था। केंद्रीय मंत्री की ओर से पेश आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2019 में एलपीजी सिलेंडर का मूल्य 706.50 रुपये था, जो 1 मई 2020 तक घटकर 581.5 हो गया था। इसके बाद से रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है।

# भूत की बात करने पर डर जाती हैं हिबा नवाब



अभिनेत्री हिबा नवाब धारावाहिक जीजाजी छत पर कोई है' का हिस्सा हैं, जो एक डरावनी शो है। इसको लेकर अभिनेत्री का कहना है कि वह हमेशा से ऐसी रही हैं, जो असामान्य गतिविधि से सावधान रहती हैं और इस शो ने उसके डर पर काबू पाने में मदद की है। उन्होंने आगे कहा, जब भी भूतों की बात होती है या कुछ रहस्यमय होता है, तो मैं इससे बाहर रहना पसंद करती हूं। जब मैं भूतों और डरावना चीजों के बारे में बात करती हूं तो मैं बहुत डर जाती हूं और बेहोश हो जाती हूं। शायद, इसलिए मैं दोहरी भूमिका निभाने का आनंद ले रही हूं। साया ने जीजाजी छत पर है कोई में मेरे डर को खत्म करने की कोशिश की है। हिबा का कहना है, उन्हें अंधेरे में सोने से भी डर लगता है। मुझे एक घटना याद है जब मैं घर पर बिलकुल अकेली थी। मैं 3 बजे तक एक शो को देखती रही। मैं लाइट बंद करने से भी डर रही थी और महसूस कर रही थी कि दालान में कोई है। मुझे यकीन है कि यह सिर्फ मेरा डर था, लेकिन मैं कभी भी लाइट बंद करने की हिम्मत नहीं जुटा सकी। बाल कलाकार के रूप में काम कर चुकीं अभिनेत्री हिबा नवाब बरेली की है. उसने 11 साल की उम्र में अभिनय शुरू किया और डेढ़ साल काम करने के बाद वापस बरेली चली गयीं और 16 साल की उम्र में वापस मुबई एक शो 'क्रेजी स्टुपिड इश्क' के साथ आईं और अब तक अभिनय कर रही हैं. उनके काम में सहयोग दिया उनके पिता डॉ. नवाब अली ने, क्योंकि उन्हें भी अभिनय पसंद है. हिबा को हर नया चरित्र और उनकी चुनौती बहुत अच्छा लगता है. हिबा किसी भी शो में काम करने से पहले अपनी भूमिका और ग्रो करने के मौके को देखती हैं. सोनी सब टीवी पर उनकी शो जीजाजी छत पर कोई है में डबल रोल कर रही है मैं दिल्ली की एक लड़की सी पी यानि कनाट प्लेस की भूमिका निभा रही हूं, जो बहुत ही कलर फुल, शरारती, चुलबुली और परिवार को लेकर बहुत प्रोटेक्टिव है. वह परिवार के लिए किसी भी हद तक जा सकती है. इसमें मैं डबल रोल में हूं।

## बीग बी के साथ काम कर मैंने एक उपलब्धि हासिल की: इमरान हाशमी

अभिनेता इमरान हाशमी का कहना है कि आगामी थ्रिलर 'चेहरे' में अमिताभ बच्चन के साथ स्क्रीन साझा करना उनके करियर की



बड़ी उपलब्धि है। इमरान कहते हैं, मुझे ऐसा लगा जैसे इंतजार खत्म हो गया है। हम अमिताभ बच्चन सर को देखकर बड़े हुए हैं और इंडस्ट्री में हर कलाकार उनके साथ काम करने की इच्छा रखता है। अभिनेता ने कहा कि बिग बी ने उनके लिए अनुशासन की भावना को प्रेरित किया है। अमिताभ बच्चन सर के अनुशासन को पांच दशकों से अधिक समय तक उद्योग में रहने के बाद भी देखना आश्चर्यजनक है। हमारा उद्योग बहुत अनुशासन-आधारित नहीं है, जिससे कई बार थोड़ी मुश्किल हो जाती है। उन्होंने मुझे प्रेरित किया है। वह समय के पाबंद हैं, हमेशा समय पर सेट पर पहुंचते हैं। यह एक प्रथा है, जिसका उन्होंने हमेशा पालन किया है। चेहरे का निर्देशन रूमी जाफरी ने किया है और इसमें रिया चक्रवर्ती, क्रिस्टेल डिसूजा, अन्नू कपूर, धृतिमान चटर्जी, रघुबीर यादव और सिद्धांत कपूर भी हैं। फिल्म 9 अप्रैल को रिलीज होने वाली है।

## सान्या मल्होत्रा की पगलैट का ट्रेलर हुआ रिलीज



बॉलीवुड एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा की अपकमिंग फिल्म पगलैट का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 26 मार्च पर रिलीज होगी। ये फिल्म भावनाओं के इर्द-गिर्द घूमती एक कहानी है जो एक मिडिल क्लास परिवार को एड्रेस करती है। इस फिल्म के ट्रेलर को यूट्यूब पर अब तक 9 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है। फिल्म के ट्रेलर में सान्या, संध्या के किरदार में हैं, जिसके पति की मौत हो गई है, लेकिन जहां उसके आसपास हर कोई दुखी है, वहीं संध्या इतनी बड़ी ट्रेजडी के बाद भी दुखी नहीं है। ट्रेलर देखकर आपको भी इस बात की हैरानी होगी, लेकिन कहानी में तब बड़ा बदलाव आता है, जब संध्या को 50 लाख रुपये मिलने वाले होते हैं, जो उसके पति ने जीवन बीमा करवाया था और नॉमिनी में सिर्फ अपनी पत्नी का नाम डाला था। इस फिल्म के बारे में बात करते हुए सान्या ने कहा था कि वह इस फिल्म का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं।

# परिणीति ने मुझे फिर से थप्पड़ मारा : अर्जुन कपूर



अभिनेता अर्जुन कपूर और अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा साल 2012 में आई फिल्म इश्कजादे में पहली बार साथ नजर आए थे और इस बार इनकी जोड़ी अगली फिल्म संदीप और पिंकी फरार में साथ नजर आने वाली है। इस फिल्म के ही एक दृश्य में परिणीति ने अर्जुन को थप्पड़ मारा है। दिबाकर बनर्जी की इस फिल्म में महिलाओं के खिलाफ हिंसा पर गौर फरमाया गया है। अर्जुन ने कहा, महिलाओं के प्रति हिंसा का मुद्दा मेरे जैसे किसी इंसान के लिए बेहद गंभीर है, जो महिलाओं से घिरे एक माहौल में रहकर बड़ा हुआ है। मेरा यह मानना है कि जब आप किसी किरदार को निभाते हैं, तो आपको अपने निजी जीवन से बाहर निकलने की जरूरत पड़ती है, क्योंकि आपको किसी भूमिका को निभाने के लिए ही परियोजना में शामिल किया गया है। ऐसे लोग भी हमारे समाज में है, यह दिखाना पड़ता है। फिल्म के बारे में उन्होंने आगे बताया, मुझे इस फिल्म में भी परिणीति ने थप्पड़ मारा है जैसा कि इश्कजादे में मारा था। लेकिन ऐसा किसी दबाव में रहकर नहीं हुआ है, क्योंकि आपने स्क्रिप्ट पढ़ रखी है। किरदार को लेकर जो मांग है उसे समझा है, स्थितियों को जाना है और फिर कहीं न कहीं आप भावनात्मक रूप से उस किरदार के साथ जुड़ जाते हैं।



# गदर : एक प्रेम कथा के सीक्वल में सनी देओल का ऑनस्क्रीन बेटा मचाएगा गदर!

साल 2001 की ब्लॉकबस्टर फिल्म गदर : एक प्रेम कथा में सनी देओल, अमीषा पटेल और अमरीश पुरी मुख्य भूमिका में नजर आए थे। अब खबर आ रही हैं कि इस फिल्म का सीक्वल बनने वाला है। इस फिल्म में भारत-पाकिस्तान बंटवारे के बीच एक लवस्टोरी सुनाई गई थी। इस फिल्म में अमरीश पुरी के गुस्से से लेकर सनी देओल का धमाकेदार एक्शन और अमीषा के साथ उनकी जोड़ी तक सबकुछ खूब पसंद किया गया था।

रिपोर्ट की मानें तो फिल्म डायरेक्टर अनिल शर्मा इस पीरियड ड्रामा फिल्म का सीक्वल बनाने की तैयारी कर रहे हैं। इस



रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि गदर के मेकर्स ने इस सीक्वल के लिए प्लॉट प्वाइंट्स तैयार कर रहे हैं औ अब स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। सूत्र ने आगे बताया- सनी देओल और अमीषा पटेल इस फिल्म का हिस्सा होंगे। डायरेक्टर के बेटे उत्कर्ष जिन्होंने ऑरिजनल फिल्म में सनी और अमीषा के बेटे जीता का किरदार निभाया था, वो इसके सीक्वल के लीड होंगे। बता दें कि उत्कर्ष ने इससे पहले 2018 में बॉलीवुड में फिल्म जीनियस से एंट्री ली थी। इस रिपोर्ट में डारेक्टर अनिल शर्मा से बात भी की गई है।

## रणदीप हुड्डा ने शुरू की वेब सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' की शूटिंग

ओटीटी पर कई जबरदस्त वेब सीरीज और फिल्मो को लेकर चर्चा सामने आती ही रहती है। आज के वक्त में ओटीटी एक बहुत ही चर्चित माध्यम बन गया है। वही बॉलीवुड के कई कलाकार अब ओटीटी पर भी अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरने के लिए तैयार नज़र आ रहे है। उनकी कलाकार में से एक है रणदीप हुड्डा। रणदीप हुड्डा बॉलीवुड के दमदार कलाकारों में से एक है अपनी जबरदस्त एक्टिंग के चलते उन्होंने हर किसी के दिल में एक अलग ही जगह बना रही है। इन दिनों रणदीप हुड्डा अपनी अपकमिंग वेब सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' को लेकर काफी चर्चा में नज़र आ रहे है। वही इस किरदार को निभाने के लिए रणदीप काफी मेहनत भी करते हुए नज़र आ रहे है। इस वेब सीरीज में रणदीप के साथ उर्वशी रौतेला भी नज़र आने वाली है। वही अब इस वेब सीरीज की शूटिंग के लिए रणदीप अब चम्बल पहुंच गए है। चम्बल में रणदीप कुछ दिनों तक इस वेब सीरीज की शूटिंग करेंगे। वही हाल ही में रणदीप ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी एक तस्वीर शेयर की जिसमे रणदीप का लुक काफी जबरदस्त नज़र आ रहा है। इस वेब सीरीज का निर्देशन नीरज पाठक कर रहे है। अब देखना होगा की इस वेब सीरीज में क्या कुछ नया देखने को मिलता है।



# कृष्णा मुखर्जी बचपन से ही नागिन का किरदार निभाना चाहती थी



एकता कपूर के सीरियल नागिन 5 के बाद 'कुछ तो है-नागिन एक नए रंग में' शो शुरू हुआ है. इस शो में कहानी को आगे बढ़ाया जा रहा है. मुख्य भूमिका में कृष्णा मुखर्जी हैं जो प्रिया सिंघानिया का किरदार निभा रही हैं. इस बार प्रिया को पता चल गया है कि उसकी मां कौन है? उसके पास इतनी शक्तियां कहां से आ रही हैं. और फिर कुछ ऐसा होता है कि उसकी जिंदगी ही बदल जाती है. खैर.. लुधियाना में जन्मी कृष्णा बचपन से ही नागिन का किरदार निभाना चाहती थी. कृष्णा मुखर्जी ने अपने करियर की शुरूआत झली अंजली शो से की थी. जिसमें इन्होंने शीना का रोल किया था. उसके बाद कृष्णा ने कई सीरियल में काम किया. बता दें, कृष्णा मुखर्जी पहले भी 'नागिन' सीरीज का हिस्सा रही हैं हाल ही में कृष्णा ने नागिन लुक की तस्वीरें शेयर की हैं जो काफी वायरल हो रही हैं. बता दें टीवी सीरियल 'कुछ तो है' एकता कपूर के सुपरनैचुल टीवी शो का स्पिन-ऑफ है. लोग इस शो को पसंद कर रहे हैं।

# आंवला के चमत्कारी फायदे जानकर आप भी दंग रह जायेंगे



आंवला बेहद गुणकारी है। इसलिए इसे हर मर्ज की दवा भी कहा जाता है। आंवला पाचन तंत्र से लेकर स्मरण शक्ति को दुरुस्त करता है। नियमित रूप से आंवले का सेवन करने से बुढ़ापा भी दूर रहता है। मधुमेह, बवासीर, नकसीर, दिल की बीमारी जैसी समस्याओं का इलाज आंवले में छिपा है। आइए हम आपको बताते हैं कि आंवला आपकी सेहत के लिए कितना फायदेमंद है। ट्रिशन एक्सपर्ट की मानें तो एक आंवले में दो संतरे जितनी मात्रा में विटामिन सी मौजूद है। इसके अलावा, आंवले में पोलीफेनॉल्स, आयरन, जिंक, कैरोटीन, फाइबर, विटामिन बी कांप्लेक्स, कैल्शियम, एंटी ऑक्सिडेंट्स आदि अच्छी मात्रा में मौजूद हैं, जो दिमाग की कोशिकाओं को नष्ट होने से बचाते हैं और इसमें मौजूद नियोपाइनफ्राइन नामक तत्व मूड से जुड़ी क्रियाओं को नियंत्रित रखता है। जानिए, आंवले के ऐसे कई फायदों के बारे में, जो सेहत के लिए जरूरी हैं।

1. आंवले में ऐंटी ऑक्सीडेंट्स अच्छी मात्रा में होता है, जो कार्सिनोजेनिक कोशिकाओं को बढ़ने से रोकता है और कैंसर से बचाव करते है।
2. इसमें मौजूद एंटी ऑक्सीडेंट्स रेटिना को ऑक्सीडाइज होने से बचाते हैं। इसके नियमित सेवन से मोतियाबिंद व रतौंधी जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है।
3. इसमें फाइबर की अधिकता होती है। यह गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक को साफ रखता है और शरीर के टॉक्सिन दूर रखता है।

इसका कसैला स्वाद पाचन ठीक रखने वाले एन्जाइम्स को सक्रिय रखता है, जिससे एसिडिटी नहीं होती है।

4. आंवला रक्त कोशिकाओं में फैट्स नहीं जमने देता है। इसके नियमित सेवन से मुहांसे और झुर्रियों की समस्या भी कम हो जाती है।



## महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं ये 5 एक्सरसाइज

अच्छी फिगर कौन नही चाहता है। आजकल महिलाएं और लड़कियां खुद की फिटनेस को लेकर काफी अवेयर रहती हैं। मगर सही मार्गदर्शन नही मिल पाने के कारण अपनी फिटनेस पर ध्यान नही दे पाती हैं। अगर आप भी अपनी बॉडी को बेहतर शेप देना चाहती हैं तो ये 5 एक्सरसाइज आपकी मदद करेंगी। इससे आप मानसिक और शारीरिक रूप से भी हमेशा स्वस्थ्य रहेंगी।

1. **एक्सरसाइज बॉल:** इसे करना बहुत आसान है। इसमें एक्सरसाइज बॉल का इस्तेमाल किया जाता है। इससे शरीर को पतला करने में बहुत ही सहायता मिलती है।
2. **तैराकी:** तैराकी केवल खेल ही नही है बल्कि यह बहुत ही अच्छा व्यायाम है। इससे हमारे पूरे शरीर का व्यायाम हो जाता है। तैराकी करने से हड्डियों को मजबूती मिलती है और दिन भर आप तनाव मुक्त रहते हैं।
3. **साइड प्लैंक:** यदि आप अच्छी अच्छा फिगर चाहती हैं तो साइड प्लैंक एक्सरसाइज आप के लिए बहुत ही लाभकारी है। इसे करने से शरीर के अलग-अलग अंगों पर प्रभाव पड़ता है और तेजी से फैट बर्न होता है। इसके द्वारा कंधा, सीने और पेट की मांसपेशियां मजबूत होती है।
4. **पुश अप:** इस एक्सरसाइज को करने से महिलाओं के स्तन आकार में आते हैं, साथ ही कंधों और सीने को मजबूती मिलती है। इसको करने से पूरी बॉडी को शेप मिलती है।
5. **नौकासन:** इस आसन को बैठकर किया जाता है। इस आसन के द्वारा आप अपने पेट, जांघ और नितम्ब की फैट को कम कर सकते हैं।

## बांग्लादेश में हिंसा

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रही हिंसा लगातार बढ़ती जा रही है। इसी कड़ी में अब नरैल नामक जगह पर एक सोशल मीडिया पोस्ट के चलते बवाल हो गया और हिंदू समुदाय के घरों व मंदिर में तोड़ फोड़ की गई। इसके विरोध में देश के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कहा है कि एक धर्मनिरपेक्ष देश में सांप्रदायिक हिंसा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है। आयोग ने गृह मंत्रालय से इसकी जांच की मांग की है। बांग्लादेश के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मांग की है कि क्या अवांछित हमले की स्थिति को रोकने में लापरवाही हुई और क्या पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने में उचित भूमिका निभाई। यह टिप्पणी बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमले की खबरों के बाद आई है, जिसमें कथित सोशल मीडिया पोस्ट में इस्लाम को बदनाम करने की अफवाह है। रिपोर्ट के अनुसार यह सब तब हुआ जब शुक्रवार को नरैल स्थित सहपारा इलाके में हिंदू अल्पसंख्यकों के घरों में आग लगा दी गई। बांग्लादेश में बढ़ता कट्टरपंथ और अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की वारदातें कोई नई नहीं हैं लेकिन इस बार चिंता की बात यह है कि हिंसा की घटनाएं अब तक एक सीमित इलाकों में होती आई थीं लेकिन अब बड़े इलाकों तक इसकी आंच पहुंच गई है। जमात-ए-इस्लामी, हिफाजत-ए-इस्लाम जैसे संगठनों का प्रभाव पिछले कुछ सालों में बांग्लादेश में तेजी से बढ़ा है और सेकुलर छवि वाले कई फैसलों और पहचानों के खिलाफ ये संगठन दबाव की रणनीति के तहत सरकार से कई फैसले बदलवाने में भी सफल रहे हैं। बांग्लादेश के अलग-अलग इलाकों में इनका प्रभाव बढ़ रहा है तो अल्पसंख्यकों के लिए खतरा भी बढ़ता ही जा रहा है। बांग्लादेश से अब तक लगभग 2.4 करोड़ हिंदू पलायन कर चुके हैं। वर्ष 1964 से 2013 के बीच रोजाना लगभग 600 से ज्यादा हिंदू देश छोड़कर गए। यह क्रम अब भी जारी है। यदि ऐसा ही रहा तो आने वाले 30 साल में बांग्लादेश में कोई हिंदू नहीं बचेगा। साल 1971 में बांग्लादेश के जन्म होने के साथ ही हिंदू समुदाय के साथ मार-पीट शुरू हो गई थी। बांग्लादेश के जन्म होने के बाद 1974 में जनगणना हुई थी। इसके मुताबिक देश में 1974 में 13.5 फीसदी हिंदू थे, लेकिन वर्ष 2011 में देश में महज 8.5 प्रतिशत हिंदू ही रह गए थे। 2011 से 2021 तक इसमें करीब तीन फीसदी की और गिरावट आ चुकी है। आलम यह है कि हिंदुओं की संख्या साल-दर-साल घटती जा रही है। पाकिस्तान से अलग देश बनने के बाद से हिंदुओं पर अत्याचार बढने़ लगे थे। इसके बाद से ऐसा कोई साल नहीं जब अल्पसंख्यक समुदाय को हमले का सामना न करना पड़ा हो। पिछले नौ साल में हिंदुओं पर 3600 से ज्यादा हमले हुए हैं। ये मानवाधिकार संगठनों का आंकड़ा है। बांग्लादेश में 1990, 1995, 1999, 2002 में बड़े दंगे हुए थे। इनमें हिंदुओं को ही निशाना बनाया गया था। अब तो बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों में तोडफ़ोड़ करना, हिंदुओं के घर जलाना, बच्चों और लड़कियों का अपहरण, दुष्कर्म जैसी वारदात यहां आम हो गई हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की मुख्य वजह उनकी जमीन हड़पने की कोशिश है। दरअसल, यहां के हिंसा के पैटर्न में देखा गया है कि बहुसंख्यक आबादी गरीब हिंदुओं के घर जला देती है। घर जलने से ये हिंदू परिवार पलायन करने को मजबूर होते हैं और जब वे पलायन कर जाते हैं तो उनकी जमीन पर ये लोग कब्जा कर लेते हैं। वर्ष 2016 में बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति पर एक किताब आई थी। उस किताब में दावा किया गया था कि अगले करीब तीन दशक में बांग्लादेश से हिंदुओं का नामोनिशान मिट जाएगा।

# द्रौपदी मुर्मू : समाज के अंतिम छोर की प्रतिभा

सुरेश हिन्दुस्थानी

राष्ट्रपति के चुनाव की मतगणना के पश्चात देश ने नए राष्ट्रपति के रूप में जनजातीय समाज की प्रतिभा द्रौपदी मुर्मू को चुन लिया गया है। राष्ट्रपति के रूप में उनका चयन निश्चित ही एक ऐसा संदेश प्रवाहित कर रहा है, जिसमें एक उम्मीद है, एक विश्वास है। जो उस समाज में आगे बढने़ का हौसला प्रदान कर रहा है, जिसको अभी तक वंचित माना जाता रहा है। भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनवाकर स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव को सार्थकता प्रदान की है। यहां उल्लेखनीय तथ्य यह है कि द्रौपदी मुर्मू उस वर्ग का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो एकात्म मानव दर्शन के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन से निकले शब्दों में समाज का अंतिम छोर है। केंद्र की मोदी सरकार ने आज पंडित दीनदयाल जी के सपने को साकार करने की अभिनव पहल की है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी कहते थे कि जिस दिन समाज के अंतिम छोर पर रहने वाला व्यक्ति मुख्य धारा में नहीं आएगा, तब तक राष्ट्र विकसित नहीं कहा जा सकता। वर्तमान केंद्र सरकार की अवधारणा ही सबका साथ सबका विकास वाली है।

भारतीय जनता पार्टी ने समर्थन देकर अभी तक तीन राष्ट्रपति बनाने में सफलता प्राप्त की है। जिसमें भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी के शासन काल में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम और वर्तमान केन्द्र सरकार के समय पहले रामनाथ कोविंद और अब द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति के लिए निर्वाचित हो चुकी हैं। राजनीतिक गुणा भाग कैसे लगाए जाते हैं, यह भारतीय जनता पार्टी के नेताओं से अच्छा शायद की कोई जानता हो। भाजपा ने पहले राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के लिए जनजातीय समाज की द्रौपदी मुर्मू का नाम चयन करके देश के राजनीतिक दलों को चौंकाया, वहीं कई राजनीतिक दलों के लिए एक ऐसी विवशता पैदा कर दी, जिससे उन्हें यह तय करने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा कि अब क्या किया जाए। अब भाजपा ने उपराष्ट्रपति पद के लिए भी पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ के नाम का चयन करके फिर से चौंकाने वाला कार्य किया है। उल्लेखनीय है कि अभी तक जिन नामों पर कयास लगाए जा रहे थे उनमें से कोई भी नाम नहीं आया। अगर इसे सामाजिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो यही कहा जाएगा कि अभी तक जनजातीय वर्ग से कोई भी व्यक्ति या महिला राष्ट्रपति पद तक नहीं पहुंचा है, इसी प्रकार से जाट समुदाय का व्यक्ति उपराष्ट्रपति पद तक नहीं पहुंचा।

भली भांति जानते हैं कि स्वतंत्रता के बाद देश का चित्र ऐसा ही दिखाई देता था कि प्रधानमंत्री का बेटा प्रधानमंत्री, कलेक्टर का बेटा कलेक्टर और शासकीय बड़े पदों पर बैठे अधिकारियों का बेटा उसी लाइन पर चलता था, यह उसकी व्यक्तिगत योग्यता न होकर पारिवारिक पृष्ठभूमि से मिली विरासत के आधार पर ही तय किया जाता था। इससे देश में उन प्रतिभाओं को बहुत पीछे किया गया जो वास्तव में कुछ



पाने का अधिकार रखती थी। यह बात सही है कि जनजातीय समाज की कोई राजनीतिक पहुंच नहीं थी, इसका आशय यही है कि पूर्व में राजनीतिक पहुंच वाले व्यक्ति ही उच्च पदों पर पहुंच पाते थे और यही व्यक्ति सरकारी सम्मानों को प्राप्त करने में सफल हो जाते थे, लेकिन केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद इसमें व्यापक परिवर्तन दिखने लगा है। हम यह भी जानते हैं कि विगत कुछ वर्षो से सरकार की ओर से दिए जाने वाले सर्वोच्च सम्मान में अब वह व्यक्ति नहीं आते जो सरकारी कृपा पर जीवित रहते थे या फिर जिनकी राजनीतिक पहुंची थी, बल्कि यह सम्मान वहां तक पहुंचे हैं, जिन्होंने धरातल पर काम किया है, जो समाज के हित के लिए काम कर रहे हैं। ऐसे समाज की ओर सरकार की दृष्टि जाना निश्चित रूप से यह सिद्ध करता है कि देश उचित दिशा की ओर कदम बढ़ा रहा है।

देश की 70 वर्षों की राजनीति का अध्ययन किया जाए तो यही कहा जाना समुचित है कि स्वतंत्रता के बाद समाज के अंतिम छोर पर रहने वाले व्यक्तियों का जो विकास होना चाहिए था, वह इससे वंचित रहा। स्वतंत्रता केवल राजनीतिक शक्तियों और पैसों वालों के यहां कैद होकर रह गई थी। वास्तव में देखा जाए तो आजादी केवल उन्हीं को मिली थी जो सरकार के आसपास था। ग्रामीण परिवेश में और वनवासी अंचलों में निवास करने वाला समाज इस आजादी की किरण से बहुत पीछे रहा, उसे पता ही नहीं था कि आजादी क्या होती है। आज केंद्र की सरकार ने आजादी की पोस्ट किरण को समाज के अंतिम छोर पर पहुंचाने का कार्य किया है जो निश्चित ही स्वागत योग्य है।

इसी प्रकार एक बात और मेरे मन में आ रही है। एक बार राष्ट्रपति चुनाव को लेकर एक प्रसिद्ध समाचार चैनल पर बहस चल रही थी। उसमें एक पक्ष द्वारा यह प्रश्न किया गया कि दोनों व्यक्ति यानी कि द्रोपदी मुर्मू और यशवंत सिन्हा में से योग्यता के आधार पर किस को राष्ट्रपति होना चाहिए? यहां पर किया गया यह प्रश्न प्रथम दृष्ट्या इसलिए भी गलत है, क्योंकि योग्यता केवल कागजों के आधार पर नहीं आती, उसे अनुभव द्वारा भी प्राप्त किया जा सकता है। एक अनपढ़ व्यक्ति भी कुशल प्रबंधक हो सकता है और एक पढ़ा-लिखा व्यक्ति भी गलत दिशा की ओर भी जा सकता है। इसलिए यह प्रश्न किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। आप केवल आदिवासी समाज की महिला के नाते उसे अयोग्य करार दे दें, यह सोच का तरीका ठीक नहीं है। वनवासी समाज में भी कई प्रतिभाएं हैं। वह पूरे मन से भारत की रीति-रिवाजों का पालन भी करते हैं।

## उपाय भी ठीक से हो

एक सास ने बहू से कहा, बहूरानी! मैं अभी बाहर जा रही हूं। एक बात का ध्यान रहे, घर में अंधेरा न घुसने पाए। बहू बहुत भोली थी। सास चली गई, सांझ होने को आई। उसने सोचा कि अंधेरा कहीं घुस न जाए, सारे दरवाजे बंद कर दिए। सब खिड़कियां बंद कर दीं। दरवाजे के पास लाठी लेकर बैठ गई। सोचा- दरवाजा खुला नहीं है, कोई खिड़की खुली है, कहीं भी कोई छेद नहीं। आएगा तो दरवाजा खटखटाएगा, लाठी लिए बैठी हूं, देखती हूं कैसे अन्दर आएगा। पूरी व्यवस्था कर दी। अंधेरा गहराने लगा। सोचा, कहां से आ गया! कहीं भी तो कोई रास्ता नहीं है। हो न हो दरवाजे से ही आ रहा है। अन्धकार को पीटना शुरू कर दिया। काफी पीटा कि निकल जाओ मेरे घर से! मेरी सास की मनाही है कि तुम्हें भीतर घुसना नहीं है! खूब लाठियां बजाई। लाठी टूटने लगी। हाथ छिल गए। लहूलुहान हो गए। अंधेरा तो नहीं गया। परेशान हो गई। सास आई। दरवाजा खोला। कहा, यह क्या किया? मैंने कहा था कि अंधेरे को मत आने देना घर में। वह बोली, %देखो, मेरे हाथ देख लो। लहूलुहान हो गए। लाठी टूट गई। मैंने बहुत समझाया, बहुत रोका, पर इतना जिद्दी है कि माना ही नहीं और यह तो घुस ही गया। सास ने सिर पर हाथ रखा। कहा, %बहूरानी! अंधेरे को ?से मिटाया जाता है? क्या अंधेरा ?से मिटता है? समझी नहीं तुम बात को। सास ने दीया जलाया, अंधेरा समाप्त हो गया। उपाय के बारे में हमारी जानकारी सही नहीं होती तो हम प्रयत्न तो करते हैं, परिश्रम करते हैं, पर अंधेरा मिटता नहीं।

## त्रिदेव योजना बनी भाजपा की सफलता का प्राण तत्व

नेहा बग्गा

बूथ अध्यक्ष, महामंत्री और बी.एल.ए भारतीय जनता पार्टी की रीढ़ की हड्डी हैं। सजग और उत्साहित त्रिदेव ने स्थानीय निकाय के चुनाव में भाजपा का परचम लहराया।

जब से जनसंघ की स्थापना हुई और भारतीय जनता पार्टी बनी, तभी से वह पूरे देश में एक मात्र ऐसी पार्टी है जो संगठन और विचारधारा के आधार पर चलती है। सभी पार्टियों का आप एक एक कर विश्लेषण कर लीजिए, सभी नेताओं के आधार पर चलती हैं, घरानों के आधार पर चलती हैं और जातियों के आधार पर भी चलती हैं। एक अकेली बीजेपी ऐसी पार्टी है, जिसका प्राण तत्व है उसका संगठन और संगठन में भी उसका प्राण तत्व है बूथ कमेटी, बूथ के इंचार्ज। मध्यप्रदेश के सभी कार्यकर्ता नेता अभिनंदन के पात्र हैं जिन्होंने त्रिदेव योजना को जमीनी स्तर पर लागू करने का कार्य किया।

त्रिदेव बूथ के वह तीन कार्यकर्ता हैं जो भारतीय जनता पार्टी की रीढ़ की हड्डी हैं। अगर यह 3 कार्यकर्ता सजग हैं, उत्साहित हैं और अगर ये विजय का संकल्प लेते हैं तो कोई विजय को रोक नहीं सकता, विजय हो के रहती है। भारतीय जनता पार्टी जब भी चुनाव के मैदान में जाती है तो सबसे पहले बूथ के कार्यकर्ताओं को जागरूक और संगठित करने का कार्य करती है। जबकि बाकी सभी पार्टियां जातियों और नेताओं के आधार पर चुनाव लड़ती है। इसलिए आज नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी को 16 नगर निगम में से 9 नगर निगम भाजपा की विजयी हुई है। 76 नगर पालिका में 50 में भाजपा को स्पष्ट बहुमत है। (कुल 65) वही 255 नगर परिषद में से 185 में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिला है, 46 में हमारी स्थिति अच्छी है। कुल (231). वर्ष 2014 में 98 नगर पालिकाओं के चुनाव में



भाजपा 54 सीटों पर विजयी हुई थी, कुल 55 प्रतिशत, इस वर्ष 76 नगर पालिकाओं के चुनाव में भाजपा 65 सीटों पर अपना अध्यक्ष बनाने जा रही है, जीत का प्रतिशत 85 प्रतिशत रहा है। वर्ष 2014 में 264 नगर परिषद के चुनाव में भाजपा 154 सीटों पर विजयी हुई थी। कुल 58 प्रतिशत, इस वर्ष 255 नगर परिषद के चुनाव में भाजपा 231 सीटों पर अपना अध्यक्ष बनाने जा रही है। जीत का प्रतिशत 90.58 प्रतिशत रहा है। कटनी, रायसेन, राजगढ, सागर, जबलपुर, सिवनी, देवास, सीहोर, नरसिंहपुर, रीवा, मुरैना इन जिलों की नगर परिषदों में भाजपा का प्रदर्शन लगभग शत प्रतिशत रहा है। विदिशा, छिंदवाडा, सीहोर, सागर, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर इन पांच जिलों की नगर पालिकाओं में हम शत प्रतिशत जीते है। छिंदवाडा जिले की तीनों नगर पालिकाओं (अमरवाडा, चौरई और परासिया) में भाजपा जीती है। जबलपुर में 8 में से 6 नगर परिषद में भाजपा विजयी हुई है। मुरैना में 5 में से 4 नगर परिषद में भाजपा विजयी हुई है। रीवा में 12 में से 11 नगर परिषद में भाजपा विजयी हुई है।

ग्वालियर में सभी 5 नगर परिषदों में कांग्रेस की अपेक्षा भाजपा का प्रदर्शन बेहतर है। कटनी में 3 नगर परिषद में से 3 में भाजपा विजयी हुई है। 16 नगर निगम के 884 वार्डों में से 491 वार्डों में भाजपा विजयी रही। 76 नगरपालिकाओं के 1795 वार्डों में से 975 वार्डों में भाजपा विजयी रही। 255 नगर परिषदों के 3828 वार्डों में 2002 वार्डों में भाजपा विजयी रही। भारतीय जनता पार्टी पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस के आधार पर राजनीति को बदलना चाहती है, राजनीति में ऐसी कार्य संस्कृति बनाना चाहती है, जिसका आधार सरकार के काम हों और उसी को जन जन तक पहुंचाने का काम बीजेपी के संगठन में त्रिदेव और बूथ विस्तारक योजना के जमीनी कार्यकर्ताओं ने किया है, जो राजनैतिक और सामाजिक तौर पर 365 दिन 24 घंटे जनता के बीच में रहकर सरकार की योजनाओं को अंतिम पंक्ति में बैठे हुए व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सक्रिय रहते हैं। भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता हर बूथ पर, हर गांव पर, हर पहाड़ पर संघर्ष कर पार्टी और सरकार के कार्य को घर-घर पहुंचाने में सफल हुआ है। यह सभी के लिए गौरव का क्षण है और भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता यह अनुभूति करता है इस सरकार ने सदैव उनकी भी सेवा की जिन्होंने वोट नहीं दिया। वैक्सीन उनको भी लगाई जिन्होंने वैक्सीन का समर्थन नहीं किया। यह मेरी सरकार का संस्कार है। नरेंद्र मोदी जी का नारा है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास।

# नए संसद भवन पर लगे राष्ट्रीय चिन्ह से छेड़ छाड़ का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुँचा: खबरी लाल

### सूडोकु नवताल- 6142

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6141 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

सेन्ट्रल बिस्टा परियोजना शुरू से चर्चा में रही है।इस परियोजना को लेकर सता के गलियारों से आम जनता की जुबान व जिज्ञासा का केन्द्र रहा है।इस परियोजना की महत्व इस बात से लगाया जा सकता है कि यह प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी की पसंदीदा परियोजनाओं में से एक है। जिसकी झलक स्वंय मोदी जी परियोजना परिसर का कभी औचक निरीक्षण कर परियोजना से जुड़े अधिकारीयों व कर्मचारी से विचार विर्मश करते रहना है। विगत दिनों सेन्ट्रल विस्टा परियोजना के अर्न्तगत निर्माणाधीन नए संसद भवन परिसर में विधिवत पूजा अर्चना कर राष्ट्रीय चिन्ह अशोक स्तम्भ का अनावरण किया था।हालांकि इस अवसर पर विपक्षी दलों के नेताओं को आमंत्रित तक नही गया था।जिसकी कॉग्रेश समेत विपक्षी नेता ओ ना केवल आलोचना की बल्कि मोदी सरकार को नसीहत देते हुए कहा कि संसद किसी सरकार की नही होती है।इस भाजपा द्वारा सफाई देते कहा कि सरकार नए संसद भवन का निमाण कर सौंपेगी। यह मामला अभी शांत भी नही हुआ था कि एक बार फिर से सेंट्रल विस्टा में लगे राष्ट्रीय चिन्ह का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा।

याचिका कर्ता द्वारा सेंट्रल विस्टा में लगे राष्ट्रीय चिन्ह में लगें शेरों की उग्र मुद्रा पर उठाए गये । आप को बता दे कि इस विवाद को लेकर सरकार की तीखी आलोचना हुई थी।अब पुनः इसी मामले को लेकर सर्वोच्य



न्यायलय में एक याचिका दायर की गई।याचिका कर्ता द्वारा राष्ट्रीय चिन्ह में लगे शेरों की उग्र मुद्रा पर सवाल उठाए गए हैं। यह मामला दो वकीलों ने याचिका दायर कर कहा है कि ये सारनाथ में रखे गए मूल प्रतीक से अलग है।सुप्रीम कोर्ट सरकार को इसमें सुधार करने का आदेश दे।

वकील अल दानिश रेन और रमेश कुमार मिश्रा की याचिका में कहा गया है कि सेंट्रल विस्टा में बन रहे नए संसद भवन की छत पर लगाया गया प्रतीक भारतीय राष्ट्रीय चिन्ह से अलग है।इस वजह से इसे लगाना भारतीय राजचिन्ह के गलत इस्तेमाल को रोकने वाले कानून-स्टेट एमब्लम ऑफ इंडिया(प्रोहिबिशन अगेंस्ट इम्प्रॉपर यूज़)एक्ट,2005 का उल्लंघन है।याचिका मे दोनों वकीलों ने कहा है कि संसद भवन की छत पर लगाए गए प्रतीक में शेर उग्र नजर आ रहे हैं।उनके मुंह खुले हैं।जिसमें नुकीले दांत दिख रहे हैं।इसमें देवनागरी लिपि में %सत्यमेव जयते%भी नहीं लिखा, जो कि राष्ट्रीय प्रतीक का अनिवार्य हिस्सा है।राष्ट्रीय चिन्ह में इस तरह का बदलाव गलत है । याचिका कर्ता ने अपील की है कि सुप्रीम कोर्ट सरकार को इसे सुधारने का आदेश दे।

. गौर तलब रहे कि निर्माणाधीन संसद के नए भवन की छत पर लगा ये प्रतीक कांस्य से बना हैढ्ढ जिसका कुल वजन 9,500 किलोग्राम है और इसकी ऊंचाई 6.5 मीटर है।इसे नए संसद भवन के केंद्रीय फोयर के शीर्ष पर कास्ट किया गया है।प्रतीक के समर्थन के लिए लगभग 6,500 किलोग्राम वजन वाले स्टील की एक सहायक संरचना का निर्माण किया गया है।विपक्षी पार्टियों ने शेरों की बनावट के लिए सरकार को घेरा ।

विगत दिनों इसके उद्घाटन के बाद विपक्षी पार्टियों ने शेरों की बनावट और आक्रामक मुद्रा को लेकर सरकार पर निशाना साधा था।इसके जवाब में सरकार ने कहा था कि काफी शोध करने के बाद ही इस राष्ट्रीय चिन्ह अशोक स्तंभ को नए संसद भवन में स्थापित किया गया हैढ्ढइस संदर्भ में अन्तिम फैसला माननीय सर्वोच्य न्यायालय को करना है।हमे आप से फिलहाल यह कहते हुए बिदा लेना है %ना ही काहूँ से दोस्ती ,ना ही काहूँ से बैर।।खबरी लाल तो माँगे ,सबकी खैर।

**फिल मिलेगे,तीरक्षी नजर से तीखी खबर के संग,अलविदा**

## भविष्य हिंदी पत्रकारिता का ही है

मुकेश तिवारी

हिंदी के पत्रकारों ,समाचार पत्रों की समस्त कमियों - कमजोरियों के बावजूद हिंदी के समाचार पढ़ने वालों की संख्या में निरंतर इजाफा हो रहा है, लेकिन इस इजाफे में हिंदी के झंडावरद्दारों का कोई योगदान नहीं है, कड़वा सच तो यह है कि हिंदी सम्मेलनों और हिंदी बचाओ आंदोलन ने हिंदी की क्षति ही की है, यहां इस विषय पर चर्चा करना कत ई उचित नहीं होगा, आज जो हिंदी पत्रकारिता है,वह निश्चित ही पचास,साठ और सत्तर की पत्रकारिता से बहुत आगे है ,क्योंकि अस्सी और नब्बे के दशक का हिंदी पत्रकार, साहित्यकार और पत्रकार का फर्क समझने लगा है, अन्यथा एक जमाने में अच्छे साहित्यकार को ही अच्छा पत्रकार माना जाता था, जबकि दोनों विधाओं की अपनी-अपनी मांगे हैं ,इस संदर्भ में स्व श्रीकांत वर्मा और डॉ धर्मवीर भारती का जिक्र न करना हिंदी पत्रकारिता के एक महत्वपूर्ण मोड़ को नजरअंदाज करने का प्रयास होगा, वर्मा जी स्वयं में अद्भुत कवि थे ,लेकिन उन्होंने अपने कवि को अपने रिपोर्टर पर हावी नहीं होने दिया, हिंदी पत्रकारिता में श्रीकांत जी का उदय एक महत्वपूर्ण घटना थी, खासतौर से रिपोर्टिंग के क्षेत्र में , इसी तरह संपादक भारती ने साठ और सत्तर के दशक में साहित्यकार भारती को बर्फ में लगाकर हिंदी पत्रकारिता को प्रोफेशनल अप्रोच देने का सफल और महत्वपूर्ण प्रयास किया, जबकि अज्ञेय और रघुवीर सहाय हिंदी साहित्य के बेहद महत्वपूर्ण नाम होते हुए भी इस मोर्चे पर पूरी तरह असफल रहे थे ,क्योंकि इनका साहित्य कार इनके पत्रकार को निरंतर दबोचे रहा ,इसलिए साठ-सत्तर के दशक में साहित्यकार पत्रकार का जो घाल मेल हिंदी पत्रकारिता में था आज यह स्थिति कमोबेश टूट चुकी है, पिछले कुछ सालों से पत्रकारिता की एक कमी काफी खलती है , एक और जहां हमारी रिपोर्टिंग का पक्ष मजबूत हुआ है, तो डेस्क कमजोर होती चली जा रही है, इसकी अहम वजह है , सीधे रिपोर्ट र बनने की अभिलाषा ,आज जितने भी बडे नाम रिपोर्टिंग में है, उनमें से अधिकांश ने अपना केरियर डेस्क से प्रारंभ किया था, इसलिए बीच-बीच में डेस्क पर काम करना अनिवार्य होना चाहिए,इसी प्रशिक्षण की कमी की वजह से अधिकांश हिन्दी समाचार पत्र में कोई वर्तनी का पालन नहीं करता, हकीकत यह है कि तथ्यों की गलतियां हो थी है, अक्सर समाचारपत्रों में पढ़ने को मिलता है कि अमूक-राजनेता 1967मेंसपा के प्रत्याशी थे या फलांप-फलां1977में भाजपा के नेता थे।

# मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने कु. कृष्णा नार्वे को स्वावलम्बी बनाया

**मुरैना।** व्यक्ति मन में कोई सोच ठान लें तो वह पूर्ण करके छोड़ता है। ऐसी ही सोच नूराबाद की कु. कृष्णा नार्वे ने सोच रखी थी, जिसे मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने पूरी की। कृष्णा नार्वे ने ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान मुरैना के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी सोच को साकार कर लिया है। नूराबाद निवासी कृष्णा नार्वे ने बताया कि व्यक्ति के मन में ललक होनी चाहिये, व्यक्ति को मंजिल अवश्य मिल जाती है। कु. कृष्णा नार्वे ने बताया कि परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुये मैंने अपनी पढ़ाई कक्षा 12वीं तक की। परिवार की स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं थी। इसलिये मैंने आगे की पढ़ाई नहीं की, किन्तु मन में ब्यूटीपार्लर खोलने की तमन्ना थी। कई बार पिताजी को ब्यूटीपार्लर खोलने के लिये जिद करती रहीं, किन्तु आर्थिक तंगी के कारण पिताजी सिर्फ आश्वासन ही दे सके, किन्तु ब्यूटीपार्लर खुलवाने में हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे। पड़ौस में रहने वाली एक महिला ने बताया कि मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिये महिला समूह बनाये जा रहे है। उसने कृष्णा नार्वे से कहा कि अगर आप महिला समूह बना लेती है तो आप भी ब्यूटीपार्लर का प्रशिक्षण लेकर स्वयं का व्यवसाय खोल सकतीं है।



महिला की बात को सुनकर कु. नार्वे ने आस-पड़ौस की महिलाओं से चर्चा करके स्वयं के व्यवसाय को चलाने के मकसद से 10 महिलाओं का मां शीतला जनहितकारी स्व-सहायता समूह का गठन किया। समूह का गठन होने के पश्चात् महिलाओं ने प्रति सप्ताह 100 रूपये की राशि एकजाई की और उसे बैंक में जमा किया। बैंक में धीरे-धीरे अच्छी खासी हमारे समूह की साख बन गई है। कुछ समय बाद बैंक ने ऑफर दिया कि आप छोटो-मोटा व्यवसाय करने के लिये ऋण बतौर 50 हजार रूपये की राशि ले सकते है। मैंने बैंक में अपना ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा दिया हुआ प्रमाणपत्र दिखाया तो बैंक ने मुझे 50 हजार रूपये की राशि ब्यूटीपार्लर के लिये जारी कर दी। बस फिर क्या था, मैंने ब्यूटीपार्लर की दुकान नूराबाद में खोली, जिससे दुकान धीरे-धीरे चलने लगी। अब तो शादी-विवाह के ऑडर दुल्हन सजाने के लिये मिलने लगे। अब मेरी आय शादी-विवाह में 15 से 20 हजार रूपये प्रतिमाह होनी लगी और नॉर्मलतौर पर प्रतिदिन मुझे 400 से 500 रूपये की आय प्राप्त होने लगी। मैं अपने पैरों पर पूर्णतः खड़ी हो चुकीं हूं। अपने माता-पिता का भी घर कार्य में सहयोग कर रहीं हूं। मुझे मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और सेन्ट आरसेटी ने स्वावलम्बी बनाया। मैं प्रदेश सरकार का बहुत-बहुत आभारी हूं, जिन्होंने हम जैसे गरीब लोंगो के लिये यह योजना बनाई है।

## जीनियस स्कूल की प्रगति ने बनाया जिले के टॉपटेन में स्थान



**अंबाह।** सीबीएसई बोर्ड ने कक्षा 10वीं का रिजल्ट जारी किया है जिसमें नगर के जीनियस पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नगर का नाम रोशन किया है। नगर में पदस्थ न्यायाधीश विजय पाल सिंह चौहान की बेटी प्रगति चौहान ने परीक्षा में 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले के टॉपर्स में अपना स्थान बनाया हैं इसके साथ ही मानवी अग्रवाल पुत्री नीरज अग्रवाल ने भी 96 प्रतिशत अंक लेकर टॉप टेन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है युवराज तोमर पुत्र मुनेंद्र को 94.6 प्रतिशत, अनुष्का पुत्री शिवकुमार अग्रवाल को 92.4 प्रतिशत एवं भानुप्रिया पुत्री हरिओम शर्मा को 92 प्रतिशत अंक मिले हैं। इस मौके पर प्रगति चौहान ने कहा कि मैने 10 वी कक्षा में अपनी पढ़ाई के अलावा और कुछ नहीं किया हर बच्चे को अपने भविष्य को उज्जवल बनाने की लिए अपने पढ़ाई के दिनों में सिर्फ अपने अध्ययन पर ध्यान देना चाहिए, ताकि हमारा भविष्य संवर सके और हम अपने परिवार व अपने समाज के साथ-साथ अपने देश की सेवा कर सकें।

## जेके टायर वाणिज्य महाप्रबंधक के पुत्र को मिले 97.8 % अंक

**मुरैना।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में अभिजीत भार्गव ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। हायर सेकेण्डरी के इकोनोमिक्स में 99, गणित 98, एकांउटेंसी में 100 अंक लाकर विद्यालय व ग्वालियर जिले में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है। अभिजीत लिटिल एंजिल हाईस्कूल के विद्यार्थी हैं। वह जेके टायर के महाप्रबंधक वाणिज्य शिवकुमार भार्गव एवं श्रीमती अरुनिमा भार्गव के पुत्र हैं। अभिजीत की इस उपलब्धि पर परिजनों के साथ-साथ उनके शुभचिंतक भी खुश हैं। विद्यालय प्रबंधन तथा जेके टायर प्रबंधन द्वारा अभिजीत को शुभकामनाऐं दीं गई हैं। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



## आबकारी विभाग ने कैलारस में 70 फलदार एवं फूलदार पौधों का रोपण किया



**मुरैना।** जिला आबकारी अधिकारी सुश्री निधी जैन ने आबकारी विभाग मुरैना के स्टाफ सहित शनिवार को अंकुर महाअभियान के अंतर्गत कैलारस में 70 फलदार एवं फूलदार पौधौं का पौधरोपण किया। सहायक जिला आबकारी अधिकारी विजय सेन, उपनिरीक्षक सुनील सेमर द्वारा मुख्य रूप से आम, अनार, ऑवला, नाशपाती, अमरुद, नींबू, चम्पा, कनेर तथा छायादार प्रजाति के अन्य पौधो का रोपण किया। इसके साथ ही पौधरोपण की फोटो सहित जानकारी वायुदूत एप पर भी अपलोड की गई है।

# माथुर वैश्य मध्यांचल मंडल की टीम ने किया 50 यूनिट रक्तदान

### - रक्त शिविर का रघुराज कंसाना ने किया उद्घाटन

**मुरैना।** अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा मध्यांचल मंडल के तत्वधान में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन जिला अस्पताल में किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि रघुराज सिंह कंसाना अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम के चेयरमैन द्वारा किया गया। मध्यांचल मंडल का यह छठवां शिविर है, जिसमें 50 यूनिट रक्तदान हुआ। इस अवसर पर श्री कंसाना ने कहा कि रक्तदान महादान है और यह मानवता की सेवा के लिए सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। रक्तदान करने से किसी का जीवन बचाया जा सकता है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोग रक्तदान करें। इस अवसर पर मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ के मंडल अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने बताया कि 80 यूनिट रक्तदान का टारगेट था, लेकिन 50 यूनिट हो पाया। इस कार्य में उनकी पूरी टीम ने भरपूर सहयोग किया एवं जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने भी सहयोग दिया। कार्यक्रम में मध्यांचल मंडल की प्रथम महिला श्रीमती नीतू दीपक गुप्ता के अलावा कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, संगठन मंत्री मनोज गुप्ता तलैया वाले, सोशल मीडिया प्रभारी विनीत गुप्ता, विवेक गुप्ता, मासूम गुप्ता, शिविर प्रभारी मीरा गोलस, बृज मोहन गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, अनिल गुप्ता, आनंद गुप्ता, राजू गोलस मंडल सलाहकार, सविता गोलश, नूतन गुप्ता आदि ने शिविर में सहयोग दिया। मंडल अध्यक्ष श्री गुप्ता ने बताया कि मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में जगह जगह मध्यांचल मंडल के द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिससे जरूरतमंदों के लिए यह रक्त काम आ सके।




# महापौर श्रीमती सोलंकी ने की पूर्व मुख्यमंत्री से मुलाकात

### अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने किया शारदा सोलंकी का सम्मान



**मुरेना।** शहर की नवनिर्वाचित महापौर श्रीमती शारदा राजेंद्र प्रसाद सोलंकी ने मुरेना नगरनिगम मुरेना में बीजेपी के मजबूत के किले को ध्वस्त करके कांग्रेस की विजय पताका लहराने के बाद भोपाल पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। साथ ही कमलनाथ एवं सुरेश पचौरी ने श्रीमती शारदा सोलंकी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए अपना आशीर्वाद प्रदान किया और शहर को उत्कृष्ट बनाने के लिए सुझाव भी दिए। इसके बाद श्रीमती सोलंकी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पहुंची, जहां पर अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने उनका स्वागत एवं सम्मान किया। श्रीमती सोलंकी ने कमलनाथ एवं सुरेश पचौरी को आश्वासन दिया कि मैं जनता से किए हुए हर वादे को पूरा करूंगी। मुलाकात के दौरान मध्य प्रदेश के पूर्व जनसंपर्क मंत्री पीसी शर्मा के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश गुर्जर, मुरैना के पूर्व सांसद बाबूलाल सोलंकी, शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक शर्मा, राजेंद्र प्रसाद सोलंकी, एडवोकेट संजय मिश्रा, सौरभ सौलंकी सहित अन्य लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# कम्प्यूटर का ज्ञान प्राप्त कर समूह की महिलायें बना रहीं है आयुष्मान भारत कार्ड

**मुरैना।** महिलायें भी पुरूष से कहीं कम नहीं है। ये सब साकार हुआ है मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा समूह में जुड़कर। जो कि महिलाओं ने आयुष्मान भारत कार्ड बनाने का जिम्मा हाथ में लिया था, अभी तक समूह की महिलायें 650 कार्ड भी बना चुकीं है। ग्राम गोठ ''माया आजीविका स्व-सहायता समूह'' की अध्यक्ष श्रीमती अल्पना तोमर ने बताया कि महिलायें क्या नहीं कर सकतीं। महिलायें पुरूषों से भी पीछे नहीं है। वर्ष 2018 में एनआरएलएम के मार्गदर्शन में मेरे द्वारा स्व-सहायता समूह का गठन किया गया था, जिसमें 10 महिलायें शामिल की थीं। 20-20 रूपये प्रति महिला के मान से प्रति सप्ताह इकट्ठा कर करीबन 40 हजार रूपये की बचत बैंक में जमा हुई। इसके बाद शासन द्वारा प्रति महिला 10 हजार रूपये के मान से एक लाख रूपये की राशि प्राप्त हुई। समूह द्वारा धीरे-धीरे झाड़ू बनाने का कार्य किया। उससे भी कुछ आय प्रति महिला के मान से प्राप्त होने लगी। समूह में कुछ महिलायें अच्छी पढ़ी-लिखी भी थीं। जिन्हें अल्प ज्ञान कम्प्यूटर में कराना जरूरी था। एनआरएलएम द्वारा समूह को कम्प्यूटर का ज्ञान कराया, तब महिलाओं ने आयुष्मान भारत कार्ड बनाने का जिम्मा हाथ में लिया। आज तक माया आजीविका स्व-सहायता समूह द्वारा 650 आयुष्मान भारत कार्ड निःशुल्क बनाये जा चुके है। समूह की अध्यक्ष श्रीमती अल्पना तोमर ने बताया कि प्रति कार्ड शासन द्वारा जो भी मानदेय मिलेगा उसे हम स्वीकार करेंगे।



## नगर में घुसा लकड़बग्घा, रात को रेस्क्यू कर निकाला और जंगल में छोड़ा

**अंबाह।** शहर से शुक्रवार एक लकड़बग्घा घुस आया था, लोगो को पता तब चला जब यह लकड़बग्घा अस्पताल में बैठा हुआ था। पता चलने पर आसपास के लोग जमा हो गए और लकड़बग्घे को घेर लिया। भीड़ जमा हो जाने के कारण लकड़बग्घा वहां से निकलकर नगर पालिका में घुस गया, जिसके चलते दिन भर लोग दहशत में रहे। सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची और रात होने तक निगरानी करती रही। अंधेरा होने के बाद लकड़बग्घे पर कपड़ा फेंका गया और उसके बाद जाल डालकर पकड़ा गया। वन विभाग की टीम ने लकड़बग्घे को कब्जे में लेने के बाद क्वारी के जंगल ले गई जहां देर रात उसे छोड़ दिया गया। ज्ञात रहे कि शहर के आसपास जंगल है और ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि लकड़बग्घा जंगल से गांव में पहुंच गया होगा। वन विभाग ने बताया कि रेस्क्यू टीम की तत्परता से लकड़बग्घे को सुरक्षित शहर से बाहर कर दिया गया है।



# समाजसेवी शिक्षक ने अपने स्टूडेंट के यहां पहुंचकर कराया पौधारोपण



**मुरैना।** रविवार को मुरैना के समाजसेवी एवं शिक्षक संदीप शर्मा ने छात्र अपने यहां छात्र रहे मंडी इंस्पेक्टर के बुलाने पर बानमोर पहुंचे और मंडी प्रांगण तथा आसपास के क्षेत्र में आधा सैकड़ा से अधिक छायादार एवं फलदार पौधे लगाए। श्री शर्मा ने बताया कि उनके यहां अध्यापन कर चुके मंडी इन्स्पेक्टर बानमोर पंकज डण्डोतिया के बुलावे पर रविवार को वह अपनी टीम के साथ बानमोर पहुंचे और कृषि मंडी में पौधारोपण और जागरूकता बैठक आयोजित की, जिसमें हरियाली के प्रचार प्रसार को बढ़ावा देने की अपील की गई। श्री शर्मा ने मंडी इंस्पेक्टर एवं अन्य लोगों के साथ मिलकर मंडी प्रांगण तथा आसपास के क्षेत्रों में फलदार एवं छायादार आधा सैकड़ा की संख्या में पौधे लगवाए। इस मौके पर उनके साथ मंडी इंसपेक्टर पंकज डण्डोतिया के अलावा कर्मचारी प्रदीप धाकड, उदय सिंह धाकड़, विनोद धाकड, श्रीराम ट्रेडर, मनीष शर्मा, राहुल मिश्रा आदि भी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एस एकैडमी के संचालक संदीप शर्मा द्वारा हर शनिवार एवं रविवार को चिन्हित गांव में जाकर लगातार पौधारोपण कराया जा रहा है और अभी तक वह हजारों की संख्या में पौधे लगा चुके हैं।

# नव विवाहिता की मारपीट कर घर से निकाला

### पीड़िता बोली पति सटोरिया है उसने पूरे गहने बेचे अब अतिरिक्त दहेज की कर रहा है मांग

**अंबाह।** ग्राम जारौली की एक नव विवाहिता ने अंबाह थाने पहुंचकर अपने ससुरालीजनों द्वारा मारपीट करने व दहेज में मोटर साइकिल सहित दो लाख रुपए की मांग करने के आरोप लगाते हुए दजेह प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध करने की मांग की है।



प्रार्थिया रूबी राठौर ने अपने पिता राजवीर राठौर के साथ थाने पहुंचकर बताया कि उसकी शादी अम्बाह के ग्राम जारौली के राजवीर राठौर पिता रामनिवास राठौर के साथ निवासी ग्राम जारोनी हाल निवासी वार्ड क्रमांक 15 यादव कालौनी मुरैना के साथ हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार 08 मार्च 2019 को सम्पन्न हुई थी, नव विवाहिता ने बताया कि उस समय उसके पिता द्वारा 3 लाख रूपये नगद व अन्य जरुरी सामान दिया, जिसके बाद पीड़िता को ससुरालीजनों द्वारा करीबन दो माह तक सही रखा। उसके बाद प्रार्थिया के पति राजवीर ससुर रामनिवास राठौर, सास चरन देवी, जेठ राजकुमार, जिठानी यशोदा, देवर संजय कहने लगे कि मोटरसाईकिल व दो लाख रूपये दहेज में नही दिये है। वहीं पीड़िता ने अतिरिक्त दहेज देने में पूर्णतः असमर्थता जताते हुए उन्हें समझाया लेकिन दहेज लोभी ससुरालिजनों नहीं माने और पति सास जेठ जिठानी व देवर ने कहा कि जब तक दो लाख रूपये व एक मोटर साईकिल नहीं लाएगी, तब तक तुझे ऐसे ही परेशान व प्रताडित करते रहेगें। वहीं दहेज लोभी ससुरलीजनों ने पीड़िता को अतिरिक्त दहेज नहीं देने पर 27 अप्रैल 2022 को घर से निकाल दिया, जिसके बाद महिला ने अपने ससुरालीजनों पर दहेज प्रतिषेध अधिनियम व प्रताड़ना करने पर मामला दर्ज करने की मांग की है। वहीं अंबाह पुलिस मामले में आवेदन पर मामले की जांच कर उचित कार्यवाही की बात कह रही है।

# थाना पिछोर पुलिस को मिली बड़ी सफलता अंधे कत्ल का खुलासा, बेटे ने ही बाहर से गैंगिस्टर बुलाकर कराई बाप की हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार कर घटना मे प्रयुक्त हथियार एक कट्टा 315 बोर , 2 राउण्ड व खोखा किये जप्त

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-फरियादी अंकित गुप्ता उर्फ संतोष पुत्र महेश कुमार उम्र 26 साल निवासी नगरिया कालोनी पिछोर ने दिनाँक 22.07.22 को रिपोर्ट किया कि मै किराने की गुमटी लभेड़ा के पास चलाता हूँ। मेरे घर पर मेरी पत्नि व पाँच साल की बच्ची तथा पिता महेश कुमार गुप्ता रहते थे। मै कल शाम करीब चार बजे मे अपने घर से दुकान पर गया था बाद मे करीब 7 बजे शाम को घर आया और मै मंदिर जा रहा हूँ पत्नि से बोलकर गया था रात करीब मै 10 बजे आया तो मेरी पत्नि प्रियंका ने दरवाजा खोला मेरे पिता तीसरी मंजिल पर सो रहे थे। मैने चाय से रोटी खाई थी। मेरी पत्नि पीछे कमरे मे बच्ची को लेकर सो गई थी। मै तीसरी मंजिल पर आगे के कमरे मे सो गया था। रात करीब 2.30 बजे मेरे पास मेरी पत्नि ने दरवाजा खटखटाया मैने दरवाजा खोला था मेरी पत्नि ने बोला कि गोली चलने जैसी आवाज आई है मैने कहा नही तथा मुझे बादल गरजने की आवाज आई थी फिर मैने नीचे दरवाजे पर गया नीचे कोई नही था दरवाजा बंद था। मेरी पत्नि ऊपर गई थी लेकिन वहाँ पर कोई नही दिखा था फिर मै अपनी पत्नि को लेकर ऊपर मंजिल पर गया था मेरे पिता सोये हुए थे उसके बाद मै तथा मेरी पत्नि करीब चार बजे तक जागते रहे उसके बाद पत्नि सो गई थी मै भी सो गया था सुबह करीब 6 बजे मै उठा देखा कि दरवाजे की चाबी खिड़की पर रखी है। मेरे पिता प्रतिदिन सुबह घुमने जाते थे वो नही गये थे तो मै ऊपर जाकर देखा तो उसके सिर मे चोट लगकर खून निकला है उसके बाद मैने पड़ोस मे बताया मेरे पिता को किसी अज्ञात व्यक्ति ने गोली मारकर हत्या की है। मैने थाने पर सुबह सूचना दी थी रिपोर्ट करता हूँ कार्यवाही की जावे। रिपोर्ट पर अपराध धारा 302 भादवि की देहाती नालसी लेखकर असल अपराध क्रमांक 427/22 धारा 302 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

**पुलिस व्दारा की गई कार्यवाही:** घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार भूरिया , एसडीओपी पिछोर श्री दीपक सिहं तोमर द्वारा तत्काल घटना स्थल मृतक के घर पहुंचे व एफएसएल ग्वालियर व शिवपुरी की टीम ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया व वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए तथा पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा थाना प्रभारी पिछोर गब्बर सिहं गुर्जर व थाना प्रभारी भौंती संजय मिश्रा को अंधे कत्ल की गुथ्थी जल्द सुलझाने हेतु निर्देशित किया।

विवेचना के दौरान पता चला कि मृतक मूलतः ग्राम बड़ैरा का रहने वाला था जिसकी पत्नि की मृत्यु करीब 20 वर्ष पूर्व हो चुकी थी इसका एक पुत्र अनिल उर्फ सोनु गुप्ता आर्मी में नौकरी करता था जिसने 2 वर्ष पूर्व फाँसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी व महेश गुप्ता को करीब 1 करोड़ रुपये आर्मी की तरफ से मिला था व उसे 20 हजार रुपये पारिवारिक पेंशन के मिलते थे । मृतक महेश गुप्ता का छोटा पुत्र बचपन से ही अपराधिक प्रवृत्ति का है जो शराब बेचने , शराब पीने , जुआ सट्टा खेलने व चोरी करने का



आदि है। मृतक लभेड़ा तिराहा पर किराने की गुमटी चलाता था जिसकी गुमटी मे मृतक का छोटा पुत्र भी बैठता था जो किराने के सामान के अतिरिक्त चोरीछुपे अवैध रुप से शराब बेचने का काम करता था। मृतक के छोटे पुत्र की अपराधिक गतिविधियो के कारण उसकी पत्नि व पिता भी नाराज रहते थे। उसके ऊपर जुआ सट्टा से काफी कर्ज हो गया था। इसी प्रकार मृतक के छोटे बेटे का दोस्त खनियाधाना का रहने वाला है व लभेड़ा तिराहा पर ही रहता है इसके भी हाई प्रोफाईल शोक है तथा अत्यधिक खर्चा करने का आदि है, लेकिन इसके माँ बाप भी इसे लिमिट मे खर्चा देते थे, इसके द्वारा गूगल व फेसबुक पर भारतवर्ष के गैंगस्टर बदमाश लोगो के ग्रुप को सर्च किया जिसमें से अजीत किंग ग्रुप से दोस्ती एक्सेप्ट करके उसके एडमिन जो बिहार का रहने वाला है से सम्पर्क किया । दोनो ने गैंगस्टर को बुलाकर एक मेडीकल स्टोर के दुकानदार के बच्चे को किडनैप करने की योजना बनाई और दोनो ने इस योजना को अंजाम देने के लिये अजीत ग्रुप के एडमिन निवासी बिहार से सम्पर्क किया उन्होने इसे बुलाने के लिये उसके खाते मे 10000 रु. डाले और उसे दिनाँक 12.07.22 को पिछोर बुलवाया जो ट्रेन से झाँसी आया एवं ये दोनों दोस्त उसे मोटर साईकिल से पिछोर लेकर आये व लभेड़ा तिराहा गुमटी पर रखा । उक्त गैंगिस्टर ने इनसे किडनैप व हत्या कराने के लिये और रुपये माँगे इनके पास रुपये नही होने के कारण किडनैप की योजना इनके व्दारा कैंसिल कर दी गई । गैंगिस्टर इनसे नाराज हो गया और उसने इनसे एक लाख रुपये तुरंत माँगे व दुसरा काम हो तो बताने को कहा इस पर मृतक के छोटे बेटे ने अपने पिता की हत्या की योजना बनायी क्योकि मृतक उसे मनमाना खर्च करने के लिये रुपये नही देता था। मृतक के छोटे बेटे और उसके दोस्त ने एक 315 बोर का कट्टा लाकर गैंगिस्टर को दिया और मृतक के घर की लोकेशन दिखाई तथा दिनाँक 21.07.22 की रात गैंगिस्टर ने मृतक के छोटे लड़के से बोला कि मुझे हर हाल मे 24 तारीख तक एक लाख रुपये चाहिए तो मृतक के बेटे ने योजना के अनुसार दिनाँक 21.07.22 की रात अपने घर रात 10.00 बजे पहुचा व अपनी पत्नि व बच्ची को दुसरे कमरे मे सुला दिया व स्वयं दुसरे कमरे मे सो गया । मृतक तीसरी मंजित पर सो रहा था तो उसके छोटे बेटे ने रात करीब 02.00 बजे गैंगिस्टर को अपने घर बुलाया व तीसरी मंजिल के कमरे मे ले गया । गैंगिस्टर ने मृतक के सिर मे गोली मार दी मृतक के छोटे बेटे ने गैंगिस्टर को रात मे ही घर से निकालकर घर का ताला लगा दिया। गोली की आवाज सुनकर आरोपी की पत्नि उठकर आई तो वह अपने कमरे मे खड़ा हो गया पत्नि ने गोली चलने की आवाज आना बताया तो आरोपी ने अपनी पत्नि को बताया कि बिजली आसमान से चमकी है इसकी आवाज है और उसने रात मे अपने रिश्तेदारो को फोन लगाकर गुमराह करता रहा, रात को ही अपने पिता को देखने गया व पिता के मरने के यकीन होने पर रात को सो गया । सुबह पिता को अज्ञात व्यक्ति व्दारा गोली मारने की बाते बताई।


प्रकरण में वरिष्ठ अधिकारियो को मार्गदर्शन पर उनि चेतन शर्मा के नैतृत्व मे एक टीम आरोपी गैंगिस्टर की गिरफ्तारी हेतु रवाना की गई जो सायबर सेल के मिले लोकेशन के आधार पर गोरखपुर तरफ रवाना किया गया व श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी को सम्पूर्ण जानकारी देने पर उनके व्दारा जीआरपी एवं आरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियो से सम्पर्क कर गोरखपुर रेल्वे स्टेशन पर पुलिस तैनात कर रात में ही हत्या का मुख्य आरोपी गैंगिस्टर गोरखपुर रेल्वे स्टेशन पर उतरा तो आरपीएफ व उनि चेतन शर्मा की टीम व्दारा आरोपी को पकड़कर उसे गिरफ्तार कर एक कट्टा , एक चला खोखा व दो जिन्दा राउण्ड सभी 315 बोर के जप्त किये गये। हत्या की योजना में व षड़यंत्र मे शामिल आरोपी मृतक का पुत्र है व उसका दोस्त निवासी खनियाधाना हाल लभेडा पिछोर को भी कस्बा पिछोर से गिरफ्तार किया गया।

**अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने वाली टीम:** श्रीमान एस.डी.ओ.पी. महोदय श्री दीपक तोमर के नेतृत्व में निरीक्षक गब्बर सिहं गुर्जर , निरीक्षक संजय मिश्रा व उनकी टीम , उनि चेतन शर्मा, उनि नितिन भार्गव , उनि बी.एल. दोहरे , उनि जूली तोमर , सउनि अमरलाल बंजारा , सउनि चरन सिहं , सउनि जहान सिंह, प्रआर 95 हीरासिंह , प्रआर 258 राजेन्द्र सिंह , प्रआर दीपक चौहान, प्रआर , राघवेन्द्र चौहान, प्रआर हिमांशु, प्रआर घनश्याम सिहं, आर रामनाथ रावत , आर राघवेन्द्र पाल, आर जितेन्द्र गुर्जर , आर बृजेश राणा , आर कमल सिहं , आर माँगीलाल गुर्जर, आर रुपेन्द्र यादव , आर रवि कौरव , आर गौरव जाट , आर माधव शंकर , आर प्रदीप , महिला आर. उत्तम राजा , महिला आर. काजल मेवाफरोस , आर चालक अभिषेक सिकरवार, आर चालक प्रशांत नरवरिया की मुख्य भूमिका रही।

## हार्दिक गुप्ता ने सीए इंटरमीडिएट परीक्षा क्लियर की

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह**-लक्ष्य सेक्युरिटी एंड फैसिलिटी सर्विस के एम डी राजीव कोठारी एवं गहोई महिला मंडल पंचायत दीनदयाल नगर की अध्यक्ष श्री मती साधना कोठारी के सुपुत्र हार्दिक कोठारी ने सीए इंटरमीडिएट की परीक्षा सर्वोत्कृष्ट अंकों के साथ उत्तीर्ण कर अपने परिवार के साथ साथ नगर दबोह एवं ग्वालियर महानगर का नाम रोशन किया है। हार्दिक



कोठरी बचपन से ही मेधावी छात्र रहे हैं एवं अभी तक की सभी परीक्षाओं को उत्कृष्ट अंकों के साथ उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते रहे हैं। उनकी इस सफलता पर उनकी माता साधना कोठारी पिता श्री राजीव कोठारी ताऊ राकेश कोठारी बहन समीक्षा गुप्ता एवं जीजा पारस गुप्ता एवं समस्त दीनदयाल नगर महिला मंडल वं कोठारी परिवार ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें बधाइयां दी।

## ग्राम पंचायत बरबाई से रज्जो बाई पत्नी कैलास बनी निर्विरोध उपसरपच

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**पोरसा**...जनपद पंचायत पोरसा अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बरबाई में बीते दिवस हुए चुनाव में रज्जो बाई निर्विरोध निर्वाचित हुई है। उनके खिलाफ किसी भी प्रतिद्वंदी उम्मीदवार ने नामांकन नहीं भरा। जानकारी के अनुसार हाल ही में हुए पंचायत चुनाव में सामान्य सीट पर रामनरेश शर्मा (पटसारिया) सरपंच के पद पर विजयी हुई थी उप सरपंच की सीट पिछडा बर्ग की थी



रज्जो बाई के उप सरपंच बनने पर उन्होंने सभी पंच समर्थकों का आभार व्यक्त किया है जिसमे पंचायत के बरिष्ठ नागरिक राजो उपाध्याय बिजयसिह तोमर नाथू बरौलियो बीरेश उपाध्याय राकेश पटसारिया बनबारी खेमसिह भदौरिया रामलछिन मोसा फते पारासर राजेश बालूपुरा सभी ग्राम पंचायत बासी मोजूद थे

## सैनी समाज आरक्षण संघर्ष समिति की बैठक संपन्न



सवाई माधोपुर सैनी समाज आरक्षण संघर्ष समिति की बैठक रविवार को आवासन मंडल इसकी सैनी छात्रावास में खुले आरक्षण संघर्ष समिति जिला अध्यक्ष कैलाश नारायण सैनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस अवसर पर आरक्षण संघर्ष समिति महिला मोर्चा प्रदेश प्रभारी श्रीमती मीरा सैनी ने कहा कि भारत में सैनी माली काछी कुशवाहा शाक्य मौर्य की संख्या 12त्न है इसलिए 12त्न आरक्षण सैनी समाज का हक है प्रदेश माली सैनी महासभा के प्रदेश महामंत्री कन्हैया लाल सैनी ने कहा कि युवाओं को एकजुट होकर समाज में अधिक से अधिक सहयोग करें इस अवसर पर समिति के जिला अध्यक्ष कैलाश नारायण ने कहा कि सैनी समाज को एकजुट होकर समाज के आरक्षण संघर्ष समिति का सहयोग करें बैठक में सर्वसम्मति से संघर्ष समिति की बैठक 31 जुलाई को आयोजन करने का निर्णय किया गया इस अवसर पर माली समाज युवा जिला अध्यक्ष राजेश सैनी, हनुमान सैनी पार्षद ,जिला अध्यक्ष अशोक सेना ,सचिन सैनी पूर्व जिलाध्यक्ष ,रामलाल सैनी तहसील अध्यक्ष माली समाज, कैलाश चंद पार्षद, घनश्याम सैनी ठेकेदार जितेंद्र सैनी युवा नेता, मुकेश सैनी पूर्व उपाध्यक्ष पूर्व अध्यक्ष , प्रभु लाल सैनी ,रामराज सैनी पप्पू लाल सैनी प्रेम प्रकाश सैनी ,रामराज सैनी ,दिनेश सैनी भवानी शंकर सैनी, दिनेश सैनी आदि ने अपने-अपने विचार किया

## मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड नरवर अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू प्रथम वर्ष के छात्रों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. नरवर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति श्री धनीराम कुशवाह प्राचार्य सी. एम. राइज. स्कूल ने अपने उद्बोधन में बताया की आपको जो फील्ड ग्राम दिये गये हैं उनमें पूरी लगन के साथ कार्य करें तभी आपके पाठ्यक्रम की सार्थकता सिद्ध होगी, तथा विकासखंड समन्वयक नरवर श्री महेश परिहार जी के द्वारा छात्रों को पाठ्यक्रम संबंधी जानकारी से अवगत कराया , साथ ही इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत किए जाने वाले प्रायोजित कार्य हेतु छात्रों को ग्राम आवंटित कर ग्राम में की जाने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आगामी हरियाली अमावस्या से प्रारंभ हो रहे पौधारोपण महा




अभियान अंतर्गत पौधारोपण करने एवं लोगों को जागरूक करने हेतु सभी छात्रों को बताया गया एवम वायुदूत ऐप डाउनलोड कर उस पर पौधा रोपण का फोटो अपलोड करने का प्रशिक्षण दिया । कार्यक्रम का संचालन साहस युवक मंडल के अध्यक्ष श्री राकेश लक्षकार जी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी छात्रों को पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री पवन भार्गव ,श्रीमती सीमा खटीक ,नरेन्द्र सेन,मयंक लक्षकार सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### हर घर तिरंगा अभियान हेतु दिलाया संकल्प


आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत माननीय प्रधानमंत्री जी के आवास पर लोगों में देश प्रेम की भावना जागृत करने हेतु चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान 11 से 17 अगस्त 2022 के सपनों को साकार करने एवं लोगों को इस अभियान के बारे में जागरूक करने हेतु मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड शिवपुरी अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम छात्र-छात्राओं को ब्लॉक समन्वयक नरवर महेश परिहार द्वारा अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं विकासखंड के अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों में इस अभियान को सफल बनाने हेतु ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नवांकुर समिति एवं छात्र छात्राओं के सहयोग से लोगों को अपने घर पर तिरंगा लगावे इस हेतु जागरूक किया जाएगा इस अवसर पर उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को संकल्प दिलाया गया अपने घर पर तिरंगा लगाएंगे एवं अन्य लोगों को भी झंडा लगाने हेतु प्रेरित करेंगे।

## अमर शहीद कुंवर चैन सिंह के शहादत दिवस पर जिला प्रशासन ने दिया गॉड ऑफ ऑनर

**रघुवर दयाल गोहिया**

**भोपाल/सीहोर।** अमर शहीद कुंवर चैन सिंह के शहादत दिवस पर जिला प्रशासन द्वारा शहर के इन्दौर नाका स्थित कुंवर चैन सिंह की छतरी पर गॉड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके साथ ही नागरिकों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। उल्लेखनीय है कि 1857 की क्रांति के पहले की नरसिंहगढ़ रियासत के कुंवर चैन सिंह अपने दो साथी हिम्मत खां और बहादुर खां के साथ अंग्रेजी सेना से युद्ध करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। उन्होंने अपने प्राणों की आहूति देकर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह का आगाज किया था। देश में ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ पहली सशस्त्र क्रांति 1857 में प्रारंभ हुई और देश भर में अंग्रेजो खिलाफ क्रांति की मशाल जलाई गयी तथा अनेक वीर सपूतों ने अंग्रेजी सेना से लड़ाई करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया। इस क्रांति का नायक शहीद मंगल पाण्डे को माना जाता है। मेरठ क्रांति के 33 साल पहले ही इस क्रांति की शुरूआत हो चुकी थी। मालवा अंचल में अनेक वीरों ने अंग्रेजी सेना से बगावत कर युद्ध लड़ा और अपने प्राणों का बलिदान किया। स्वतंत्रता के इतिहास में सीहोर जिले की अन्य







घटनाओं के साथ ही अमर शहीद कुंवर चैन सिंह की शहादत भी स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है। सीहोर स्थित कुंवर चैन सिंह की छतरी पर गॉड ऑफ ऑनर की परम्परा मध्यप्रदेश सरकार ने वर्ष 2015 से शुरू की। सन् 1818 में ईस्ट इंडिया कंपनी और भोपाल के तत्कालीन नवाब के बीच हुए समझौते के बाद कंपनी ने सीहोर में एक हजार सैनिकों की छावनी बनाई। कंपनी द्वारा नियुक्त पॉलिटिकल एजेंट मैडॉक को इस फौजी टुकड़ी की कमान सौंपी गई। समझौते के तहत मैडॉक को भोपाल सहित नरसिंहगढ़, खिलचीपुर और राजगढ़ रियासत से संबंधित राजनीतिक अधिकार दिए गए। इस फैसले को नरसिंहगढ़ रियासत के युवराज अमर शहीद कुंवर चैन सिंह ने गुलामी की निशानी मानते हुए स्वीकार नहीं किया और अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह कर दिया। उन्होंने अंग्रेजो के वफादार दीवान आनंदराम बख्शी और मंत्री रूपराम बोहरा को मार दिया। इन दोनों की हत्या के अभियोग से बचने के लिए अंग्रेजो ने कुछ शर्तें रखी जिसे कुंवर चैन सिंह ने ठुकरा दिया।

अमर शहीद कुंवर चैन सिंह 24 जुलाई 1824 की दोपहर अपने घोड़े पर बैठकर कैम्प से बाहर जाने लगे तब अंग्रेजों के कर्मचारियों ने उन्हें यह कहते हुए रोका दिया कि आपको कैम्प से बाहर जाने की इजाजत नहीं है। इससे कुंवर चैन सिंह का स्वाभिमान आहत हुआ। उन्हें ब्रिटिश हुकुमत की गुलामी कतई स्वीकार नहीं थी। वे मेडॉक और जॉनसन के आदेश की अवहेलना कर कैम्प से बाहर चले गये। मना करने के बाद भी कुंवर चैन सिंह के बाहर चले जाने से युद्ध की आशंका के चलते मेडॉक ने सेना को बुलवाने का प्रबंध किया और यह सेना डाबरी की छावनी, सीहोर की छावनी, भोपाल तथा होशंगाबाद से बुलवाई थी। लगभग 5 से 6 हजार सैनिक सीहोर पहुंच चुके थे। अंग्रेजी सेना ने 24 जुलाई 1824 की रात्रि में कुंवर चैन सिंह के कैम्प को घेर लिया और अंग्रेजी फौज द्वारा आक्रमण कर दिया गया। कुंवर चैन सिंह अपने विश्वस्त साथी हिम्मत खां और बहादुर खां सहित 43 सैनिकों के साथ अंग्रेजी फौज का वीरतापूर्वक सामना करते हुए वीर गति को प्राप्त हुए। उन्होंने अपने प्राणों की आहूति देकर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह का आगाज किया।

# युवा परिषद गठन के माध्यम से अंत्योदय योजनाओं के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाएगा : ओपीएस भदौरिया

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड।** मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने मध्यप्रदेश में युवा परिषद गठन की घोषणा की । मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि ऐतिहासिक निर्णय से प्रदेश के सर्व समाज के युवाओं को आत्मनिर्भर विकास की मुख्य योजना से जोड़ा जाएगा यह निर्णय भारतीय जनसंघ के प्रेरणा स्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय विचार की प्रेरणा से कार्य करेगा युवाओं को आगे आने का नेतृत्व में समाज में करने का अवसर मिलेगा और युवाओं को रोजगार और उनकी समस्याओं को समाधान के लिए यह निर्णय मुख्यमंत्री के स्वागत योग्य प्रति है द्य



राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने बधाई देते हुए कहा कि युवा परिषद का गठन मुख्यमंत्री के द्वारा बुलाई गई युवा महापंचायत में लिया गया है और यह घोषणा उन्होंने इस देश के लिए अपने रक्त की एक एक बूंद बलिदान देने वाले चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर की गई जो कि वह भी एक युवाओं से और स्वामी विवेकानंद के विचारों से भी यह युवा परिषद का गठन कार्य करेगा जिसमें योग और योग्यता धारी युवाओं को शामिल किया जाएगा ।

उन्होंने कहा कि युवा परिषद गठन में सरकारी स्कूलों, शासकीय विभागों और कॉलेजों में भी युवाओं को शामिल करने की योजना के साथ उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कार्य करेगा मुख्यमंत्री युवाओं के प्रति संवेदनशील है द्य राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा कि युवा ही इस देश के भविष्य है और यह पीढ़ी उनकी बनाई गई योजना से देश और प्रदेश का नेतृत्व करेगी द्य यह योजना स्वामी विवेकानंद के जयंती पर पूरे प्रदेश में लागू कर दी जाएगी द्य राज्यमंत्री भदौरिया ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 2018 के विधानसभा चुनाव में युवाओं रोजगार भत्ता देने की बात कही गई थी लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने युवाओं को पकौड़ी और बैंड बाजे बजाने को कहा । कांग्रेस ने हमेशा युवाओं का शोषण किया और यह देश और प्रदेश के युवा आगामी मिशन में भारतीय जनता पार्टी के 2023 विधानसभा और 24 में लोकसभा में भाजपा के लिए नया जनादेश देकर फिर पार्टी को सत्ता में वापस करेंगे युवा मतदाता ही हमारी पहचान है और जो युवाओं की बात करेगा वही देश पर राज करेगा द्य

उन्होंने कहा कि युवा नीति को तैयार कराने पर भी उनकी अहम भूमिका होगी और उनके सुझाव और प्रस्ताव के माध्यम से सरकार उनके विकास की योजनाओं के साथ आगे बढ़ाएगी । हमारी सरकार गरीब मजदूर किसान युवा हितैषी है महापंचायत के माध्यम से मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याओं को सुना और तुरंत उन्होंने युवा परिषद गठन करने का निर्णय लिया

## भिण्ड पुलिस ने 42 किलो अवैध गांजा की तस्करी करते हुए 03 आरोपियों को मय माल के किया गिरफ्तार




**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**लहार**-भिण्ड दिनांक 23.07.22 को पुलिस अधीक्षक भिण्ड श्री शैलेंद्र सिंह चौहान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमलेश कुमार खरपुसे के निर्देशन में अवेध मादक पदार्थ की धरपकड़ हेतु समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियों को मुखबिर तंत्र विकसित करने हेतु निर्देशित किया गया था।इसी तारतम्य में अनुविगागीय अधिकारी लहार श्री अवनीश बंसल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मिहोना वरुण तिवारी एवं साइबर सेल टीम के द्वारा थाना क्षेत्र थाना मिहोना के अंतर्गत दिनांक 23.07.2022 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी तीन व्यक्ति शिकारपुरा तिराहा पर नशीली चीज गांजा बेचने के लिए खड़े हैं।मुखबिर की सूचना पर से पुलिस टीम ने तत्काल मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान शिकारपुरा तिराहे पर पहुंच कर देखा के शिकारपुरा तिराहे के पास तीन व्यक्ति खड़े थे।जिनमें से 2 व्यक्तियों के हाथ में सफेद रंग का प्लास्टिक की बोरी वह एक व्यक्ति के हाथ में पीले रंग की प्लास्टिक की बोरी थी जो पुलिस टीम को देखकर पास खड़ी स्प्लेंडर कंपनी की मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 07 ह्क्त4552 की तरफ भागने लगे जिसे हमराही पुलिस टीम की मदद से चारों तरफ घेराबंदी कर पकड़ा तीनो प्लास्टिक की बोरियों को खोलकर देखा तो उसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला उक्त घटना के संबंध में आरोपियों को गिरफ्तार कर 42 किलो 100 ग्राम अवैध मादक पदार्थ जप्त किया जाकर थाना मिहोना में अपराध क्रमांक 127/ 22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।आरोपियों के द्वारा विगत कई वर्षों से अवैध गांजे की तस्करी की जा रही थी आरोपियों के द्वारा उत्तर प्रदेश से गांजे की खेप लाकर भिंड एवं अन्य जिलों में सप्लाई की जाती थी जो उत्तर प्रदेश से गांजा सप्लाई करने वाले व्यक्तियों के बारे में पूछताछ की जा रही है उक्त कार्यवही में थाना मिहोना एवं साइबर टीम की सराहनीय भूमिका रही है।

### बरामद मसरुका

**1. गांजा 42 किलो 100 ग्राम गांजा कीमत ?420000 रुपए**

**2. एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल कीमती ?80000 कुल बरामद माल मशरूका कीमती ?500000 रुपया**

सराहनीय भूमिका थाना प्रभारी मिहोना निरीक्षक वरुण तिवारी साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक दीपेंद्र यादव उपनिरीक्षक वैभव तोमर उप निरीक्षक प्रमोद तोमर सहायक उपनिरीक्षक सत्यवीर सिंह सहायक उपनिरीक्षक हरिश्चंद्र प्रधान आरक्षक 982 प्रमोद पाराशर प्रधान आरक्षक 566 महेश कुमार प्रधान आरक्षक 315 सत्येंद्र यादव प्रधान आरक्षक 179 मुकेश सिंह प्रधान आरक्षक 695 शेर सिंह प्रधान आरक्षक 436 शकील प्रधान आरक्षक 478 अजय बघेल प्रधान आरक्षक 73 अजय कुमार आरक्षक 281 आनंद दिक्षित आरक्षक 637 राहुल यादव आरक्षक 153 यतेंद्र राजावत आरक्षक 69 हरपाल आरक्षक 1142 जितेंद्र गुर्जर आरक्षा 1170 प्रदीप तोमरआरक्षक 124 धर्मेंद्र आरक्षक मनोज गुर्जर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## रोजगार सहायक को ग्राम के दबंगों ने बुरी तरह से चांटे मारे

रोजगार सहायक अपनी ड्यूटी के समय वहां पर खड़ा था उसी समय कुछ दबंग लोग आए और उनसे फालतू की बातचीत करने लगे इसी को लेकर उसने मना किया कि तुम फालतू मेरे बारे में कुछ मत बोलो मैं एक सरकारी आदमी हूं इसी को लेकर विवाद बढ़ गया और वीरेंद्र जाटव जहार सिंह जाटव दोनों ने आकर उसकी पिटाई कर दी जिसको लेकर थाना मायापुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गईथाना प्रभारी हरिशंकर शर्मा जीने धारा 353, 394 का मामला दर्ज कर लिया गया है




खनियाधाना से हरिओम परिहार की रिपोर्ट,

खनियाधाना अनु विभाग आने वाली ग्राम पंचायत पहाड़ा खुर्द मैं दबंग लोगों द्वारा आज पंचायत भवन में वोटिंग के उपरांत रोजगार सहायक को बुरी तरह से पीटा गया जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत पहाड़ा खुर्द में उपसरपंच का चुनाव चल रहा था उसी उपरांत में कुछ दबंग लोग हैं और रोजगार सहायक को पीटा गया।


## पूरे उत्साह और उल्लास से इस साल मनेगा गणेशोत्सव, मूर्तिकारों को मिले दोगुने ऑर्डर, छोटी प्रतिमाओं का निर्माण भी हजारों में

**भोपाल।** पिछले 2 साल से कोरोना की मार झेल रहे मूर्तिकारों के लिए यह साल सौगात बनकर आया है। इस साल गणेशोत्सव को लोगों ने पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाने का निश्चय किया है। इस बात का सबूत मूर्तिकारों को मिले प्रतिमाओं के ऑर्डर हैं। कोरोना काल के पहले मिलने वाले ऑर्डर की तुलना में इस साल मूर्तिकारों को प्रतिमाओं के अब तक 2 गुने ऑर्डर मिल चुके हैं।

## पुलिस थाना पिछोर जिला शिवपुरी थाना पड़ाव ग्वालियर क्षेत्र से चोरी गई मोटरसाइकिल 2 वर्ष बाद बरामद की

**राकेश परिहार, 9691338626**

**पिछोर,** थाना पिछोर जिला शिवपुरी ने दिनांक 14/6/22 को मंदिर की घंटियां चुराने वाले चोर नरेश यादव निवासी करेरा से एक मोटरसाइकिल व 25 किलो पीतल की घंटियां बरामद की थी जब्त सुदा मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर प्लस द्व्श्च 07 स्ल्ह्य 5334 के मालिक की पतारसी के प्रयास थाना पिछोर पुलिस कर रही थी क्योंकि मोटरसाइकिल मालिक की जानकारी इंटरनेट से नहीं प्राप्त हो रही थी तब थाना पिछोर के एसआई शैलेंद्र सिंह चौहान ने आरटीओ कार्यालय से जानकारी प्राप्त की दो मोटरसाइकिल के मालिक का नाम कृष्ण शर्मा पुत्र नाथूराम शर्मा निवासी सरमन नगर गणेश कॉलोनी इंदिरा नगर चार शहर का नाका थाना हजीरा ग्वालियर पता चला इंटरनेट पर मोटरसाइकिल मालिक का मोबाइल फोन नंबर गलत था इसके बाद एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान द्वारा थाना हजीरा के आरक्षक जितेंद्र सिंह चौहान को मालिक का पता करने की जिम्मेदारी दी तब उन्होंने मोटरसाइकिल मालिक से बात कराई तब पता चला कि थाना पड़ाव ग्वालियर क्षेत्र के रेलवे स्टेशन गणेश मंदिर के सामने से मोटरसाइकिल दिनांक 11/9/20 को अज्ञात चोरों ने चोरी की थी थाना पड़ाव में अपराध क्रमांक 363/20 धारा 379 आईपीसी का प्रकरण दर्ज है फरियादी से मोबाइल नंबर 6261982487 नंबर पर आरक्षक जितेंद्र चौहान ने एसआई शैलेंद्र सिंह चौहान बात कराई दो फरियादी कृष्ण शर्मा ने 2 वर्ष बाद मोटरसाइकिल पर आसीन खुशी जाहिर की विदित रहे के मंदिर की घंटियां व मोटरसाइकिल चुराने वाला चोर अभी भी उप जेल पिछोर में बंद है व शातिर चोर ने पूर्व में मोटरसाइकिल चुराने का स्थान भी नहीं बताया था मोटरसाइकिल फरियादी को ढूंढने में थाना हजीरा ग्वालियर के आरक्षक जीतेंद्र सिंह चौहान की मुख्य भूमिका रही




## भारी बारिश से अलर्ट मोड में प्रदेश, सभी डेमों के खुल गए गेट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में भारी बारिश से पानी की आवक दिन-ब-दिन बढ़ रही है, ऐसे में प्रदेश में स्थित अधिकतर डेमों के गेट खोल दिए हैं, एक तरफ भारी बारिश, तो दूसरी तरफ डेमों से पानी छोडऩे से कई निचली बस्तियों और डेमों के समीप रहने वाले लोगों को अलर्ट कर दिया है कि वे तुरंत सुरक्षित स्थानों पर पहुंच जाएं, ताकि किसी प्रकार की आपातकालीन स्थिति नहीं बनें।

आपको बतादें कि प्रदेश में हर साल अगस्त सितंबर माह में डेमों के गेट खोले जाते हैं, लेकिन इस बार हो रही भारी बारिश के चलते प्रदेश के अधिकतर डेमों के गेट जुलाई के दूसरे सप्ताह से ही खुलने लगे हैं, अधिकतर डेमों के गेट खुल जाने से जहां लोग प्रकृति का लुत्फ लेने पहुंच रहे हैं, वहीं कई डेमों से निकल रहे भयंकर पानी से लोग काफी परेशान हो चुके हैं, क्योंकि उनके घर आंगन में भी जल भराव हो गया है। तवा डेम-नर्मदापुरम जिले में स्थित तवा डेम के गेट खुले कई दिन हो गए हैं, यहां शुरूआत से ही सारे गेट खोल दिए गए हैं, इस कारण काफी मात्रा में पानी छूटने के कारण कई गांव और निचली बस्तियां जलमग्न हो गई है। ऐसे में लोगों को अलर्ट रहने के लिए कहा गया है, वहां प्रशासन ने भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर लिया है।

**भदभदा बांध का तीसरा गेट खोला:** भोपाल में रविवार को भदभदा बांध का सात गेट खोल दिए गए। शनिवार को दो गेट खोले गए थे। बड़े तालाब का भी जलस्तर लगातार बढ़ रहा हे।

**कलियासोत के खोले 5 गेट:** राजधानी भोपाल स्थित कलियासोत में भी वॉटर लेवल बढ़ रहा है। कलियासोत के 13 में से 9 गेट खोले गए। यहां भारी बारिश के चलते पानी की आवक काफी अधिक हो गई है।

**सतपुड़ा डेम के सभी 14 गेट फ्री:** पहाड़ी नदियों से अचानक आई बाढ़ के बाद सतपुड़ा डेम के सभी 14 गेट फ्री कर दिए गए हैं। डेम के सभी गेटों से प्रति सेकंड करीब 135000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। सीजन में पहली बार सतपुड़ा डेम के 14 गेट खोलकर तवा नदी में 135000 क्यूसेक पानी प्रति सेकंड छोड़े जाने से निचली नदियों में जलजला है। निचली नदी पर निर्माणाधीन नांदिया घाट और शिवनपाठ पुल बाढ़ में डूब गए हैं। वहीं डेम के गेटों से छोड़े जा रहे पानी का विहंगम दृश्य देखने लोग तवा टू ब्रिज और सतपुड़ा डेम पहुंच रहे हैं। पहाड़ी नदियों से बाढ़ के रूप में सतपुड़ा डेम में आ रहे पानी के चलते आसपास के गांवों में जलभराव जैसी स्थिति निर्मित हो गई है। प्रदेश के प्रमुख जलाशयों में से एक सतपुड़ा जलाशय सारनी के लगातार गेट खुले हैं। इससे तवा नदी में भयंकर बाढ़ है।

**सापना बांध ओवर फ्लो:** बैतूल जिले में हो रही लगातार बारिश से सापना बांध भी ओवर फ्लो हो गया है। बांध से पानी छलककर बहने लगा है, जैस-जैसे पानी की आवक बढ़ रही है बांध से पानी निकलने वाले पानी की चादर मोटी होती जा रही है। अधिक बारिश के चलते यह बांध अन्य सालों की अपेक्षा इस बार पहले ही छलक उठा है, हर बार ये बांध अगस्त और सितंबर माह में छलकता है।

## उल्लेखनीय समाज सेवा के लिए महेंद्र मुणोत को पुरस्कृत कर सम्मानित किया

**पुष्पाजंली टुडे बेंगलुरू** –रविवार ग्रेटर बेंगलुरु फाउंडेशन द्वारा जय नगर स्थित नेशनल महाविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उल्लेखनीय समाज सेवा के लिए मारूति मेडिकल के प्रमुख महेंद्र मुणोत को श्री श्री चंद्रशेखर नाथ स्वामी एवं फाउंडेशन के पदाधिकारी द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया । इस दौरान महेंद्र मुणोत ने फाउंडेशन के पदाधिकारीओ को धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया ।



# मुरैना चुनाव अपराध नियंत्रण में चम्बल मे अब्बल रहै एसपी आसुतौष बागरी की अहम भूमिका गुण्डे मबाली फर्जी बोटरो ने घुटने टेके...

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**मुरैना...** सर्राफा व्यावसायिक महासंघ मुरैना के द्वारा ÷सुरक्षा की ओर बढ़ते कदम÷ के तहत जनसंबाद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें एसपी साहब को उनकी अपराध नियंत्रण रणनीत के बारे जानना चाहा और पुलिस के सभी अधिकारी/कर्मचारियों का सम्मान किया गया।

23 जुलाई शनिवार को मुरैना अपराधो पर सफलता पाने पर पुलिस सम्मान का आयोजन किया गया और ब्यबसायी बर्ग ने अपनी इच्छा जाहिर की एसपी साहब हमे अपनी रणनीति के बारे बताये जिससे भबिष्य मे हम भी पुलिस सहयोग का प्रयास करेगे जिसकी अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक आसुतौष बागरी ने की। इस दौरान उन्होंने ने कहा कि पंचायत व नगरी निकाय चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने में मुरैना पुलिस की अहम भूमिका तो रही है परन्तु जनता जनार्दन ने पूर्ण सहयोग किया है दूसरा सभी जगह हमारे बिश्बनीय मुखबिर तन्तुओ से हमे सटीक जानकारी मिलने से काफी सहयोग रहा है इसी कारण सुरक्षा व्यवस्था ऐसी की गई कि हर मतदाता निर्भिक होकर अपना मतदान कर सके हमने अम्बाह पोरसा से शुरूआत की प्रत्येक गॉव मे तीन दिन बाद फ्लैग मार्च कर बाहरी ब्यक्तिओ व अपराधियो को खदेडा और पुलिस को कडी चेताबनी के साथ कहा चुनाव व अपराध नियत्रण के लिए जरूरी है कि सभी पुलिसकर्मी मिशन मोड में काम करें।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिले में अम्बाह पोरसा में पंचायत का प्रथम चरणों में चुनाव होना तय था। इसलिए जरूरी था कि मतदान केंद्र एवं मतदान केंद्र जाने वाले रास्तों का लगातार मूल्यांकन करें और स्वंम मैने व कलेक्टर साहब ने सभी थानाध्यक्ष निरोधात्मक कार्रवाई को तेज करने के आदेश दिये सभी थानाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा है कि वे शीघ्र ही अपने-अपने थाना क्षेत्रों में कुख्यातों की सूची बनायें और सभी के बाउन्डोबर एवं सीसीए-12 का प्रस्ताव बना कर भेजे।




इसके साथ ही 188/122 की भी कार्रवाई तेज की जाय। माहौल बिगाड़ने वाले लोगों का नाम गुंडा पंजी में अंकित करें। सभी चेक पोस्टों में प्रत्येक दिन वाहन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश देते हुए कहा कि वाहन चेकिंग अभियान को थानाध्यक्ष प्राथमिकता के रूप में लेंगे। चेक पोस्टों में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस पदाधिकारी के साथ वे स्वयं भी मौजूद रहेंगे। संबंधित सर्किल के पुलिस निरीक्षक भी जांच में सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि चुनावी मोड में काम करने के साथ ही विधि व्यवस्था संधारण पर विशेष ध्यान दे। कांडों के निष्पादन, हथियार एवं शराब कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाय। फरारियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाये। जून महीने में रात्रि निरीक्षण में अम्बाह थाना में फॉर्स इक्कठा करने मे अम्बाह टीआई का अच्छा कोडिनेशन पाने पर सब को पुरूष्कार दिया ब पोरसा मे सही से ब्यबस्था नही मिली तो छह लोगो को लाइन भेजा अच्छा गस्त करने बालो को पुरूस्कार दिया पुलिस अधीक्षक बागरी ने बताया कि हर महीने जिले के सभी थानों के कार्यों का मूल्यांकन किया जाता है। जिसकी रैकिंग की जाती है आज आप सभी ब्यबसायी भाईयो ने हमारे पुलिस परिबार को सम्मानित कर मनोबल बढाया है तो मे बिश्बास दिलाता हू और अच्छे परिणामो प्रयास करने की कोशिस जारी रहै

# काली घटा, सतरंगी छटा के बीच दिखा पंजा कुश्ती का रोमांच





### खुले आसमान के नीचे फोर्ट पर हुआ प्रो-पंजा लीग का फायनल

### देशभर के पंजा पहलवानों ने दिखाया दम, मेडल पाकर खिले चेहरे

ग्वालियर। मानसून की रंगत में रंगी बादलों की काली घटा और रंगबिरंगी रोशनी की सतरंगी छटा के बीच जब आसमान के नीचे खुले मंच पर देश भर के आर्म रेसलरों (पंजा पहलवानों) ने अपना दम दिखाया तो पंजा कुश्ती के रोमांच ने हर किसी को रोमांचित कर दिया।

मौका था फोर्ट स्थित मानसिंग दरबार के खुले मंच पर इंडियन आर्म रेसलिंग फेडरेशन के तत्वावधान में आयोजित किये जा रहे प्रो-पंजा लीग रैंकिंग टूर्नामेंट के फायनल का।

इस दौरान देशभर के 20 महिला-पुरुष पंजा पहलवानों ने फायनल में मैडल पाने के लिए अपना दम दिखाया। कर्नाटका, केरला, असम, ओडिसा,महाराष्ट्र और हरियाणा के प्रतिभागियों ने पंजे के दम और अपने टैलेंट से रेफरियों को हैरान करने के साथ ही दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

फायनल के लिए हुए 10 मुकाबलों का रोमांच देखते ही बन



रहा था। विजयी प्रतिभागियों को जब सम्मानित किया गया तो मैडल पाकर उनके चेहरे खिल गए।

### रोमांच पैदा करने वाली प्रो- पंजा लीग

देश-विदेश में अनेक खेल खेले जाते हैं लेकिन प्रो-पंजा लीग रोमांच से भरने वाला टूर्नामेंट है।

ग्वालियर में प्रो-पंजा लीग का होना गर्व की बात है। हम सरकार की ओर से इस रोमांचक खेल को बढ़ावा देने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि एमपी हाउसिंग बोर्ड के चेयरमैन आशुतोष तिवारी ने यह बात कही।

अध्यक्षता ग्वालियर आर्म रेसलिंग अकेडमी के अध्यक्ष डॉ.केशव पाण्डेय ने की। इस मौके पर अमेरिका के रेसलर माइकल टॉड, मिसेज रिबेका टॉड, एशियन आर्म रेसलिंग फेडरेशन के अध्यक्ष जीनबेक मुक़ाम्बेटोव विशिष्ट अतिथि थे। प्रो-पंजा लीग के संस्थापक परवीन डबास एवं सह संस्थापक प्रीति झंगानिया ने विजयी प्रतिभागियों के सुनहरे भविष्य की कामना करते हुए अतिथियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

### ये रहे विजेता

### इन्होंने जीते पदक

**महिला वर्ग**

**55 किलो ग्राम**
आर्या वीपी - केरल
**65 किलो ग्राम**
चेतना शर्मा - असम
**65 प्लस किलो ग्राम**
योगेश चौधरी - हरियाणा

**पुरुष वर्ग**

**60 किलो ग्राम**
यासर अराफात के - केरल
**70 किलो ग्राम**
राहुल पनिकर - केरल
**80 किलो ग्राम**
असकर अली - केरल
**90 किलो ग्राम**
तौहीद शेख, महाराष्ट्र
**100 किलो ग्राम**
जगदीश बरुआ - असम
**100+ किलो ग्राम**
मजाहिर सैदु - केरल
स्पेशल कैटगिरी दिव्यांग वर्ग
चंदन कुमार बेहरा - उड़ीसा

## प्रो-पंजा लीग ने दुनिया में बढ़ाया ग्वालियर का मान

### अमेरिका के माइकल टॉड भारतीय पंजा पहलवानों के हुए कायल

### आगामी लीग में विश्व स्तर के पहलवान दिखाएंगे अपना दम

ग्वालियर आर्म रेसलिंग अकेडमी के अध्यक्ष डॉ.केशव पाण्डेय की अथक मेहनत का परिणाम है कि यह शानदार आयोजन हुआ। भारत में पंजा कुश्ती को बढ़ावा देने और उसे प्रसिद्धि दिलाने के लिए अतुल्यनीय प्रयासों के लिए प्रो-पंजा लीग के संस्थापक परवीन डबास को फेडरेशन की ओर से गोल्ड मैडल एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।



ग्वालियर। क्रिकेट और फुटबॉल की दीवानी दुनिया में अब पंजा पहलवान भी अपनी छाप छोड़ रहे हैं। आर्म रेसलिंग टूर्नामेंट लोगों को रास आ रहा है। देश- दुनिया में आर्म रेसलर हीरो की तरह उभर रहे हैं और यूथ आइकॉन बन रहे हैं। प्रो- पंजा लीग ने ग्वालियर का विश्व भर में मान बढ़ाया है, क्योंकि यहां की प्रतिभाओं ने देश और दुनिया में अपना दम दिखाया है।

प्रो-पंजा लीग के संस्थापक परवीन डबास ने मीडिया से रु-ब-रु होते हुए यह बात कही।

होटल प्रभा इंटरनेशनल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्री डबास ने कहा कि ग्वालियर में आयोजित एशिया की सबसे बड़े आर्म रेसलिंग टूर्नामेंट की रैंकिंग लीग ने शहर को देश-दुनिया अलग पहचान दी है। दुनिया के अनेक देश आज ग्वालियर की प्रतिभा का लोहा मान रहे हैं।

एशियन आर्म रेसलिंग फेडरेशन के अध्यक्ष जीनबेक मुक़ाम्बेटोव ने कहा कि ग्वालियर में जिस तरह से भव्य आयोजन हुआ है इसके जरिए प्रतिभाएं बाहर निकलकर आएंगी। भविष्य में प्रयास हों कि जब भी ऐसे बड़े टूर्नामेंट हों तब देश के साथ-साथ विदेशी प्रतिभाओं को भी मौका दिया जाए। इस टूर्नामेंट में अमेरिका की माइकल टॉड दंपति के आने से पंजा पहलवानों का उत्साहवर्धन

डॉ. केशव पाण्डेय ने कहा कि एशिया के सबसे बड़े टूर्नामेंट के लिए प्रो-पंजा लीग ने ग्वालियर को चुना यह हमारे लिए गौरव की बात है। उन्होंने लीग के संस्थापक परवीन एवं प्रीति को वधाई देते हुए कहा कि प्रो-पंजा लीग पूरी दुनिया में अपना झंडा फहराएगी।

23 बार के विश्व चैंपियन माइकल टॉड एवं रिबेका टॉड ने कहा कि भारतीय संस्कृति ने हमारा मन मोह लिया है। यहां प्रतिभाओं की कमी नहीं है,जरूरत है तो बस उन्हें निखारने की।

इस मौके पर प्रो-पंजा लीग की सह- संस्थापक प्रीति झंगियानी, इंडियन आर्म रेसलिंग फेडरेशन के अध्यक्ष हासिम रजा जबाथ, इंटरनेशनल रेफरी सेर्गेय सोकोलोव एवं राजेन्द्र मुदगल भी मौजूद थे।

## चार माह ज्ञान अमृत अपनी आत्मा में उतारकर पुण्य प्राप्त करें: मुनिश्री

### मुनिश्री के चातुर्मास मंगल कलश स्थापना में श्रमणी आर्यिकाश्री विरम्या माताजी एवं श्रमणी आर्यिकाश्री विसंयोजना माताजी भी सम्मिलित हुई।

### कार्यक्रम में कई बालिकाओं व महिलाओ ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी।



ग्वालियर-आज वर्षा योग की स्थापना नहीं श्रमण और श्रावक संयम का दिन है। संत समागम का पावन क्षण है, इसे हम स्वर्णिम बना सकते हैं। जीवन की अज्ञानता पूर्ण गागर को सागर का रूप प्रदान कर सकते हैं। वर्षा योग में वर्षा निश्चित होगी। धर्म प्रभावना चार माह तक निरंतर होगी। यह बात मुनिश्री विनय सागर महाराज ने साधनमय वर्षायोग समिति एवं सहयोगी संस्था पुलक मंच परिवार ग्वालियर के तत्वावधान में आज रविवार को मंगल कलश स्थापना समारोह माधवगंज स्थित चातुर्मास स्थल अशियाना भवन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। मंच पर श्रमणी आर्यिकाश्री विरम्या माताजी एवं श्रमणी आर्यिकाश्री विसंयोजना माताजी ने भी संबोधित किया।

मुनिश्री ने कहा कि आप पूरी तैयारी करें। धर्म वर्षा में भीग कर अपने जीवन का कल्याण करें। ज्ञान की अमृत भावना को चार माह तक अपनी आत्मा में उतारे और पुण्य प्राप्त करें।

## गारबेज शुल्क कम करेंगे, तीन साल से पहले का जलकर होगा माफ

### कैट ने महापौर और सभी 66 पार्षदों का किया अभिनंदन

ग्वालियर। नगर की महापौर श्रीमती शोभा सतीश सिकरवार ने कहा है कि ग्वालियर के विकास शहर के हर व्यक्ति की भागीदारी होगी। उन्होंने कहा कि ग्वालियर को विकास के मामले हम इंदौर से आगे ले जाएंगे। सडकों की बदहाली, सीवर सिस्टम और स्ट्रीट लाइटे ठीक करेंगें। दीवाली के पहले शहर जगमगाना है। ये काम हमारा है।

### कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा

होटल सेन्ट्रल पार्क में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्रीमती शोभा सतीश सिकरवार ने यह बात कही। उन्होंने घोषणा की कि हम गारबेज शुल्क को कम करेंगे तथा तीन साल के पहले के जलकर माफ किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैट मध्यप्रदेश के अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने की। कार्यक्रम में सभी नवनिर्वाचित सदस्यों का अभिनंदन पत्र भेंट कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ व्यापारियों के शुभंकर लाला लाजपत राय तथा भामाशाह के चित्र के समक्ष अतिथि गण ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भूपेंद्र जैन ने कहा कि नगर सरकार ने ग्वालियर के विकास का जो संकल्प व्यक्त किया है उसे पूरा करने के लिए कैट की जिस प्रकार की मदद हमसे चाहेंगे वे हम पूरी करेंगे। हम सभी का




उद्देश्य ग्वालियर का विकास है। इसके लिए है नई सरकार का साथ देने के लिए तैयार है।

इस अवसर पर पार्षद मनोज राजपूत ने कहा कि नगर निगम द्वारा जो कचरा शुल्क लगाया है उसे हटना चाहिए। गुड्डू रत्नाकर ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। बलबीर ने कहा कि गारबेज शुल्क नहीं लगना चाहिए। पार्षद मंजू राजपूत ने कहा कि गारबेज शुल्क लागू न हो इसके लिए वे प्रयास करेंगी। पार्षद अवधेश कौरव ने कहा कि हमारा जो संकल्प है उसे हम पूरा करेंगे।

### पीपी शर्मा ने कहा कि हम शहर को नंबर एक बनाएंगे।

कैट के जिलाध्यक्ष रवि गुप्ता ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर उन्होंने महापौर से आग्रह करते हुए कहा कि आपका जो वचन पत्र है जिसमे गारबेज शुल्क हटाने, सम्पत्ति कर का युक्ति युक्तकरण सहित अन्य घोषणाएं की गई है उसे पुरा किया जाये। प्रारंभ में कैट की सीए निधि अग्रवाल, बबीता डाबर, प्रिय दास, रीना गांधी, कविता जैन, रानी बंसल आदि ने महापौर का सभी की और से अभिनंदन किया।

कैट जिला अध्यक्ष रवि गुप्ता, महामंत्री मुकेश जैन कैट के जिला संयोजक दीपक पमनानी, कार्यक्रम संयोजक विवेक जैन, रीनागांधी, कोषाध्यक्ष जे.सी.गोयल, आयोजन समिति के गिरीश शर्मा, शिव कुमार गोयल, संजय नीखरा, सचिन राजपूत, अमित अरोरा, सुनील जैन, सौरभ जैन पियूष अग्रवाल आदि ने समस्त पार्षदगणों को अभिनंदन पत्र भेंट किया । आभार गिरीश शर्मा ने व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### कोविड के प्रिकॉशन डोज हेतु चलेगा महाअभियान

ग्वालियर। कोविड-19 के टीकाकरण हेतु 15 जुलाई से 30 सितम्बर 2022 तक कोविड वैक्सीन जन अभियान चलाया जा रहा है। इसमें 18 वर्ष से ऊपर के व्यक्तियों को निःशुल्क प्रिकॉशन डोज लगाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. मनीष शर्मा ने बताया कि ग्वालियर जिले में प्रिकॉशन डोज के लिए महा अभियान के लिए तिथियाँ निर्धारित की है जिले में 27 जुलाई,3 अगस्त,17 अगस्त,31 अगस्त,14 सितम्बर और 28 सितम्बर 2022 को सम्पूर्ण जिले में निर्धारित केन्द्रों पर निःशुल्क टीकाकरण का कार्य किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. शर्मा ने आम नागरिकों से कहा है कि कोविड-19 का खतरा अभी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके लोगों को निःशुल्क प्रिकॉशन डोज लगाने का कार्य किया जा रहा है। सभी नागरिक जिन्होंने कोविड-19 के दोनों टीके लगावा लिए है वह भी निर्धारित केन्दों पर पहुँचकर वैक्सीनेशन का डोज अवश्य लगवाएं। महा अभियान के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित रूप से भी टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है।

### जल जीवन मिशन में 1142 जल-प्रदाय योजनाएँ और हुईं शामिल

**609 करोड़ की एकल ग्राम योजनाएँ मंजूर**

ग्वालियर। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जल जीवन मिशन में ग्रामीण नल-जल प्रदाय के लिए 608 करोड़ 55 लाख 87 हजार रूपये की लागत की 1142 ग्रामों की एकल जल-प्रदाय योजनाओं की स्वीकृति जारी की है। प्रदेश की ग्रामीण आबादी को नल कनेक्शन से हर घर जल उपलब्ध करवाने के कार्य निरंतर जारी हैं। मैदानी कार्यालयों से प्राप्त जल-प्रदाय योजनाओं के प्रस्ताव पर शासन स्तर से स्वीकृतियाँ दी जा रही हैं जिससे मिशन में लक्ष्य के अनुरूप कार्य किए जा सकें। जल-प्रदाय की इन एकल ग्राम योजनाओं में नवीन के साथ रेट्रोफिटिंग के कार्य भी शामिल हैं। इन स्वीकृत जल-प्रदाय योजनाओं के कार्यों का लाभ नर्मदापुरम, रायसेन, बैतूल, उज्जैन, शाजापुर, रतलाम, देवास, धार, बड़वानी, ग्वालियर, गुना, दतिया, कटनी, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, डिण्डोरी, नरसिंहपुर, उमरिया और अनूपपुर की ग्रामीण आबादी को मिलेगा। प्रस्तावित जल-प्रदाय योजनाओं के कार्य पूर्ण होने पर इन जिलों में निवासरत ग्रामीण परिवारों को उनके घर पर ही नल कनेक्शन से जल मुहैया करवाया जायेगा। मिशन में जारी इस स्वीकृति में कुल 1142 ग्रामों की एकल जल-प्रदाय योजनाएँ शामिल हैं। प्रदेश के करीब 51 लाख 20 हजार ग्रामीण परिवारों को उनके घर में ही जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा चुकी है। इसी तरह 5 हजार 382 ग्राम ऐसे हैं, जिनके सभी परिवारों को पेयजल मुहैया करवाया गया है। मिशन में 23 हजार 700 से अधिक ग्रामों की जल-प्रदाय योजनाओं के कार्य 70 से 90 प्रतिशत पूरा होने को हैं और 7 हजार 300 से अधिक ग्रामों के लिए समूह और एकल जल-प्रदाय योजनाओं के कार्य शुरू किये जा रहे हैं।

### कार्यकर्ता पूर्व की भांति अपने वार्ड एवं अपने समाज में सामाजिक सक्रियता बनाए रखें-माखीजानी




**क्या हार में, क्या जीत में, किंचित नहीं भयभीत मैं, संघर्ष पथ पर जो मिले यह भी सही वह भी सही- सुमन शर्मा**

ग्वालियर। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित दल है। पार्टी ने आप लोगों को पार्षद हेतु प्रत्याषी घोषित किया, उसमें से 34 पार्षद के रूप में निर्वाचित हुए, उन्हें मैं बहुत बहुत बधाई देता हूं एवं शुभकामनाएं देता हूं। जो कार्यकर्ता हमारे पराजित हुए हैं उनको हैरान और हताष होने की कोई आवष्यकता नहीं है, क्योंकि हमें गर्व करना चाहिए कि हम विष्व के सबसे बड़े राजनैतिक दल के कार्यकर्ता हैं। अपने वार्ड में अपने समाज में सामाजिक सक्रियता पूर्व की भांति आप सभी बनाए रखें। उक्त उद्गार जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी ने भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ द्वारा फूलबाग स्थित मानस भवन में आयोजित ग्वालियर नगर निगम चुनाव के समस्त प्रत्याषियों के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथी की आसंदी से व्यक्त किए।

इस अवसर पर मंच पर जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी, श्रीमती सुमन शर्मा, जिला महामंत्री राजू सेंगर, हरीष मेवाफरोष एवं भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक गिरीश इंदापुरकर उपस्थित थे। श्री माखीजानी ने कहा कि राजनैतिक क्षेत्र में कोई भी पड़ाव अंतिम नहीं होता, हमारी कार्यप्रणाली और आचरण पर पार्टी नेतृत्व की सतत निगाह होती है। जो कार्यकर्ता पराजित हुए हैं, उनको अपने हार के कारणों एवं कमियों पर मनन कर आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में जीत का मार्ग प्रषस्त करने हेतु कमर कसकर तैयार होना होगा। पार्टी में उचित समय पर उचित स्थान आपको मिले ऐसी मैं कामना करता हूं। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महापौर पद की भाजपा प्रत्याषी श्रीमती सुमन शर्मा ने अपने उद्बोधन की शुरूआत मा. अटलजी की इन पंक्ति्यों से की। क्या हार में, क्या जीत में, किंचित नहीं भयभीत मैं, संघर्ष पथ पर जो मिले यह भी सही वह भी सही। उन्होंने कहा कि मेरे चुनाव में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पूरे प्राण-पण से कार्य किया है। इसी का कारण है कि नगर निगम में भाजपा की परिषद बनी है। प्रषासनिक स्तर पर तकनीकी खामियों के रहते महापौर चुनाव जीतने में हम कामयाब नहीं हुए, जबकि जनता हमको मत देना चाहती थीं और भाजपा का महापौर बनें ऐसा वातावरण भी शहर में था। मैं महानगर ग्वालियर के सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं एवं देवदुर्लभ जनता जनार्दन का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करती हूं एवं धन्यवाद ज्ञापित करती हूं। कार्यक्रम में स्वागत भाषण भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक गिरीश इंदापुरकर ने दिया। कार्यक्रम का संचालन सुधीर भदौरिया ने एवं आभार नितिन राव शिंदे ने व्यक्त किया। अतिथियों का स्वागत मुकेश शर्मा, राजेन्द्र उपाध्याय एवं तरूण गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी भाजपा के पार्षद प्रत्याषीगण उपस्थित थे।

### ग्वालियर के कावड़ यात्रियों के दुर्घटना में दुःखद मृत्यु पर केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने शोक सम्वेदना व्यक्त की

ग्वालियर- हरिद्वार से ग्वालियर आ रहे ग्वालियर ग्रामीण क्षेत्र के 6 कावड़ यात्रियों के आगरा के पास सड़क दुर्घटना में दुखद मृत्यु पर भारत सरकार के नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गहरा दुख व्यक्त किया है। श्री सिंधिया ने अपने शोक संदेश में कहा है कि यह बहुत ही दुःख का विषय है कि हमारे क्षेत्र के 6 श्रदालु दुर्घटना का शिकार होकर असमय कॉल कवलित हो गए। मैं मृत आत्माओं के प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि व्यक्त करता हूँ एवं परिजनों को इस ब्रजपात को सहने करने की ईश्वर शक्ति प्रदान करें, ऐसी कामना करता हूं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478